दैनिक
भोपाल, ग्वालियर, झांसी एवं शिवपुरी से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रवादी विचार धारा
RNI.UPHIN/2021/84495
जय खेड़ापति सरकार
नवनीत एक्सप्रेस
न डरते है न डराते है, सच उजागर करते हैं
वर्ष - 06 अंक-139 संपादक - उत्तम कुमार दुबे | झांसी,शुक्रवार 20 जून 2025 | Email ID navneetexpress33@gmail.c | पृष्ठ - 08 मूल्य - 02 रू.

न्यूज ब्रीफ़

हादसे में चार की मौत, पांच घायल

शाजापुर। राजगढ़ जिले के पचोर में एक भीषण कार हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक्सयूवी 500 कार हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने शाजापुर जिला अस्पताल में दम तोड़ा। पांच लोग घायल हैं। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग अयोध्या से सूरत जा रहे थे। राजगढ़ में ड्राइवर को नींद आ गई, जिससे हादसा हो गया। अहमदाबाद जा रहे एक एम्बुलेंस चालक और ट्रक ड्राइवरों ने मिलकर कार का दरवाजा तोड़ा। उन्होंने शवों और घायलों को बाहर निकाला। पचोर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को पचोर एम्बुलेंस से पचोर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उन्हें राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

टाइप-8 बंगले में शिफ्ट हुए राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का गुरुवार को 55वां जन्मदिन था। इसी दिन राहुल ने सुनहरी बाग रोड में बने टाइप-8 बंगले में शिफ्ट हुए हैं। यह बंगला उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते आवंटित किया गया है। संसदीय आवास समिति ने उन्हें 5 सुनहरी बाग रोड, 7 मोतीलाल नेहरू मार्ग और 3 कृष्णा मेनन मार्ग बंगले का ऑप्शन दिया था। इसमें से राहुल ने सुनहरी बाग को चुना। इससे पहले राहुल, सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में रहते थे। 2023 में उन्होंने 12 तुगलक लेन का बंगला खाली किया था। जो 19 साल उनके पास था। लेकिन सांसदी जाने के बाद बंगला खाली करना पड़ा।

दो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 2006 तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार सुबह वापस दिल्ली लौट आई। फ्लाइट में क्रू मेंबर्स सहित 180 लोग सवार थे। इसके अलावा स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी 2696 भी उड़ान भरने के 10 मिनट बाद वापस लौट आई। ये फ्लाइट हैदराबाद से तिरुपति जा रही थी। फ्लाइट में कुल 80 यात्री सवार थे। एयरलाइंस ने बताया कि, टेकऑफ के बाद पायलट को संकेत मिला कि विमान के पिछले दरवाजे में कुछ दिक्कत है। जिसके बाद फ्लाइट वापस एयरपोर्ट आ गई। इससे पहले बुधवार को एअर इंडिया की 3 फ्लाइट कैंसिल की गई थीं। इनमें दिल्ली-बाली, टोरंटो-दिल्ली और दुबई-दिल्ली वाली उड़ानें शामिल थीं।

छात्र हुए नाराज, उमर ने तुरंत कहा, आपके लिए डीलक्स बसें भेजी जा रही

नई दिल्ली। ईरान से वापस आए जम्मू-कश्मीर के छात्रों द्वारा दिल्ली हवाई अड्डे पर नाराजगी जताने के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि छात्रों को वापस लाने डीलक्स बसें भेजी जा रही हैं। बता दें कि छात्र हवाई अड्डे पर जम्मू रोडवेज की बसों को देखकर नाराज हो गए थे, जब उन्हें बताया गया कि उन्हें इन बसों से श्रीनगर भेजा जाएगा। इस पर छात्रों ने गुस्सा जताकर कहा कि यह स्वीकार्य नहीं है कि हमें फ्लाइट की जगह अब बसों से भेजा जा रहा है। हम पिछले चार दिन से यात्रा कर रहे हैं और अब हमें फिर से लंबी कठिन यात्रा के लिए बस में बिठाया जा रहा है, यह अस्वीकार्य है। छात्रों की नाराजगी देखकर मुख्यमंत्री उमर ने कहा कि ईरान से लौटे छात्रों को डीलक्स बसों में दिल्ली से केंद्र शासित प्रदेश लाया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पोस्ट में कहा कि रेजिडेंट कमिश्नर को छात्रों को लाने के लिए सड़क परिवहन निगम की डीलक्स बसों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा, ईरान से लाए गए हमारे 94 छात्र सुरक्षित रूप से दिल्ली पहुंच गए हैं। सरकार उनकी वापसी के लिए परिवहन व्यवस्था कर रही है, जो अगले कुछ घंटों में पूरी हो जाएगी।

तिरुपति के लिए उड़ी फ्लाइट, तकनीकी खराबी के कारण वापस लौटी

हैदराबाद। हैदराबाद से तिरुपति जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट को तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही वापस लौट आई। 80 यात्रियों को लेकर फ्लाइट ने सुबह 6.10 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तिरुपति के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद पायलट को तकनीकी खराबी का पता चला। इसके बाद पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर एयरपोर्ट पर वापस लौटने की अनुमति मांगी। विमान को सुरक्षित तरीके से हवाई अड्डे पर उतारा गया। एयरलाइन यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर रही थी। इसके पहले 15 जून को फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आने वाली लुफ्थांसा की उड़ान हैदराबाद हवाई अड्डे पर बम की धमकी मिलने के बाद जर्मन हवाई अड्डे पर वापस लौट गई थी।

इजराइल-ईरान जंग...अब खुलकर होने लगी खेमेबाजी

...डोनाल्ड ट्रंप को रूस ने चेताया- दखल दिया तो होंगे गंभीर नतीजे

मध्य-पूर्व की जंग से दूर रहे अमेरिका -इजराइल का ईरान के एटमी रिएक्टर पर हमला तो ईरान ने इजराइली स्टॉक एक्सचेंज-अस्पताल उड़ाया

मॉस्को/तेहरान/तेल अवीव।

इजराइल और ईरान के बीच जंग में अब खुलकर खेमेबाजी होने लगी है। ईरान के समर्थन में रूस और चीन उतर गए हैं। रूस ने गुरुवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगाई जा रही हैं कि अमेरिका, इजराइल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हम खास तौर पर वॉशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ईरान पर इजराइल के हवाई हमलों की कड़ी

निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझाएं और युद्ध को रोके। शी जिनपिंग ने कहा, संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इजराइल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले। उधर, इजराइल ने ईरान में अराक हैवी वॉटर रिएक्टर पर हमला कर दिया है। हमले के बाद हुए नुकसान की जानकारी नहीं मिली है। कुछ घंटे पहले ही इजराइली सेना ने अराक और खोंडब शहर के लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दी थी। अराक में हैवी वाटर रिएक्टर है। यह फैसिलिटी ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम का एक अहम हिस्सा है। इसके साथ ही अराक में बड़े पैमाने पर हथियारों का उत्पादन होता है। ईरान ने जवाब में इजराइल के चार शहरों तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर 30 मिसाइलें दागीं। इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 7 मिसाइलों को इजराइली डिफेंस सिस्टम रोकने में नाकामयाब रहा। इसमें 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान जानबूझकर इजराइली नागरिकों और अस्पतालों को निशाना बना रहा है। इजराइल इन हमलों का बदला लेगा। ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं।

ईरान-इजराइल में सीजफायर जरूरी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान पर हमलों के लिए इजराइल की निंदा की और माना कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने की जरूरत है। चीन की सरकारी मीडिया शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जिनपिंग ने पुतिन से कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सीजफायर करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिलिट्री ऑपरेशन अंतरराष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका नहीं है।

इजराइली रक्षा मंत्री ने खामनेई को दी चेतावनी

पुतिन और जिनपिंग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इजराइल और ईरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं।इसी तनाव के बीच गुरुवार को ईरान ने जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी इजराइल के सोरोका अस्पताल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला बेहद गंभीर माना जा रहा है।

पाकिस्तान में रखा जाएगा ईरान का एटमी सामान

नई दिल्ली। इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध को लेकर सभी की निगाहें अमेरिका पर टिकी हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीधे तौर पर ईरान को धमकी दे चुके हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर की हालिया व्हाइट हाउस मीटिंग को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मुनीर को बाकायदा लंच के लिए आमंत्रित किया गया था। इस बीच अब अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट के वरिष्ठ विश्लेषक माइकल रूबिन ने कई बड़े दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन की नजर पाकिस्तान पर सिर्फ इसलिए है क्योंकि ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े सामान को पाकिस्तान में शिफ्ट किया जा सकता है।

पटना में तेजस्वी के आवास के पास गोलीबारी, पुलिस ने बताया युवक से लूटपाट की कोशिश

पटना।

बिहार के पटना में पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव के आवास के पास गोलीबारी की घटना की सूचना अधिकारियों ने दी। अधिकारियों के हवाले से बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि गुरुवार सुबह पोलो रोड पर

जनता दल (यूनाइटेड) के मंत्री अशोक चौधरी और तेजस्वी के आवास के पास बाइक सवार दो लोगों ने एक युवक पर कथित तौर पर गोलीबारी की। पुलिस का दावा है कि यह लूट का प्रयास था। बात दें कि ये पटना के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक माना जाता है, जहां कई मंत्री, जज और वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने एक डॉक्टर के ड्राइवर राहुल को लूटने का प्रयास किया, जो सुबह करीब 8:15 बजे काम पर जा रहा था। पीड़ित सुरक्षित बच गया और हमलावरों ने 400 रुपये नकद लूट लिए, लेकिन उसका फोन और अन्य सामान नहीं छोड़ा।

जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफे से इंकार

दो महत्वपूर्ण सबूत, जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए काफी

नई दिल्ली।

बीते मार्च में अपने आवास के स्टोर रूम से बड़ी मात्रा में अधजले नोट मिलने के बाद विवादों में घिरे जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। 22 मार्च 2025 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन दिवसीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में साफ कर दिया है कि स्टोर रूम पर जस्टिस वर्मा के परिवार की पूरी निगरानी थी और वहां किसी को भी जाने की इजाजत नहीं थी। इन तथ्यों को देखकर समिति ने दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायधीश जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग की है। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पैनल ने 55 गवाहों से पूछताछ की है। वहीं जांच के बाद जस्टिस वर्मा का बयान भी दर्ज हुआ है। जिसके बाद समिति ने गुरुवार सुबह 64 पन्नों की रिपोर्ट पेश की। समिति की रिपोर्ट में दो प्रमुख खुलासे हुए हैं, जो जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग



प्रस्ताव लाने की इसकी सिफारिश का आधार बनाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि हमने पाया कि जिस स्टोररूम में नकद राशि मिली थी, वह आधिकारिक तौर पर जस्टिस वर्मा के कब्जे में था।- दूसरे प्वाइंट में कहा गया, स्टोर रूम तक न्यायमूर्ति वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों की पहुंच थी और वहां किसी को भी बिना इजाजत जाने की अनुमति नहीं थी। इन निष्कर्षों को देखकर पैनल ने कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं।

मंदी की चपेट में रूस, आम लोगों के लिए हालात मुश्किल

आलू-प्याज ढाई गुना तक हुए

मॉस्को। रूस की अर्थव्यवस्था मंदी के कगार पर खड़ी है। इकोनॉमी मिनिस्टर मैक्सिम रेशेतिकोव ने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम में ये बात कही। उन्होंने कहा बिजनेस और इंडस्ट्री के आंकड़े दिखा रहे हैं कि देश मंदी के बेहद करीब है। यानी, महंगाई बढ़ रही है, आर्थिक गतिविधियां धीमी हो रही हैं, कारोबार कम हो रहा है, और निवेश रुक रहा है। रूस में मंदी के पीछे तीन बड़े कारण हैं। पहला, रूस में ब्याज दरें बहुत ज्यादा हैं। हाल ही में ब्याज दर को 21 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत किया गया, लेकिन ये अभी भी इतनी ज्यादा है कि कारोबारी कर्ज लेने से डर रहे हैं। दूसरा, यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध की वजह से रूस पर पश्चिमी देशों

के आर्थिक प्रतिबंध हैं, जिसने व्यापार और निवेश को मुश्किल बना दिया है। तीसरा, तेल की कीमतें कम होने से रूस की कमाई पर असर पड़ रहा है। हालांकि बीते कुछ दिनों में इजराइल-ईरान जंग के कारण कच्चे तेल के दामों में तेजी आई है। यूक्रेन के साथ करीब 3 साल से चल रही जंग के कारण रूस में महंगाई बहुत ज्यादा है। 2024 में ये 9.5 प्रतिशत थी और 2025 में भी 9.8 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है।

यूपी के भाजपा नेता से मप्र में लूट-मारपीट

प्रयागराज-नागपुर हाईवे पर तलवार-रॉड लेकर आए बदमाश; हीरे और सोने की चेन छीनी

जबलपुर।

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के रहने वाले भाजपा नेता सुजीत सिंह को मध्यप्रदेश में लूट लिया गया। वह परिवार के साथ मैहर दर्शन के बाद बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन जा रहे थे। नागपुर-प्रयागराज हाईवे पर जब वह रेस्ट के लिए कार से उतरे, उसी दौरान 4-5 हथियारबंद बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाश भाजपा नेता की हीरे का

लॉकेट लगी सोने की चेन छीनकर भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित परिवार जबलपुर के खितौला थाना पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को भाजपा नेता सुजीत सिंह ने जबलपुर में कहा कि घटना के कई घंटे बाद भी पुलिस ने सिर्फ मामला दर्ज कर खानापूर्ति की। अगर तुरंत एक्शन लिया जाता तो आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त में होते।

इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

टेक्सास।

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समय के अनुसार गुरुवार को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ।

देश में कोरोना से 116 मौतें, 6 हजार एक्टिव केस

बीते 24 घंटे में 500 मरीज ठीक हुए, 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली।

देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या घटकर 5976 हो गई है। बीते 24 घंटे में 507 मरीज रिकवर हुए हैं। वहीं 40 नए केस भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से लेकर अब तक नए वैरिएंट से 116 मौतें हुई हैं। बुधवार को 3 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली में 2 और केरल में एक मौत हुई है।

केरल में सबसे ज्यादा 1309 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा मौतें भी केरल में 37 हुई हैं। गुजरात में 1046 और पश्चिम बंगाल में 747 मामले हैं। नया वैरिएंट देश के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैल गया है।

देश के 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव होगा

मोदी सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी

नई दिल्ली।

केंद्र की मोदी सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। 8वां वेतन आयोग लागू होने के साथ ही देश के 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव होगा। संशोधित वेतन संरचना 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। हालांकि, आयोग के गठन में देरी ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। आयोग का एक प्रमुख फोकस फिटमेंट फैक्टर होगा। जबकि 7वें वेतन आयोग ने कारक को 2.57 पर सेट किया

था, इस 8वें वेतन आयोग के तहत बढ़ाकर 2.86 किए जाने की संभावना है। अगर फिटमेंट फैक्टर में 2.57 से बढ़कर 2.86 होगा तब समायोजन संभावित रूप से न्यूनतम मूल वेतन 18,000 रुपये से करीब 51,480 रुपये तक बढ़ा सकता है। हालांकि, अंतिम निर्णय आयोग के नवनियुक्त सदस्यों पर निर्भर रहेगा।

भत्तों और योगदानों पर प्रभाव

आधार वेतन समायोजन के अलावा, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और ट्रैवल अलाउंस (टीए) जैसे भत्तों में भी कर्मचारी पोस्टिंग और यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर अपडेट देखने को मिल सकते हैं। नतीजतन, एक ही वेतन ग्रेड के दो कर्मचारियों की कुल आय उनके भत्ते के हक में भिन्नता के कारण अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और केंद्र स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में योगदान भी प्रभावित होगा। वर्तमान में, सरकारी कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10 प्रतिशत एनपीएस में योगदान करते हैं, जिसमें सरकार 14 प्रतिशत योगदान देती है। वेतन संशोधन के बाद, ये योगदान तदनुसार बढ़ जाएगा। सीजीएचएस के लिए सदस्यता दरें वेतन स्लैब से जुड़ी हुई हैं, इस प्रकार, मूल वेतन में वृद्धि के परिणामस्वरूप सीजीएचएस शुल्क में भी वृद्धि होगी।

उत्तराखंड में पंचायत चुनाव के लिए कल जारी हो सकती है अधिसूचना

देहरादून। हरिद्वार को छोड़ शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों में पदों व स्थानों के आरक्षण को अंतिम रूप दिया गया है। अब गुरुवार को सभी जिलों से आरक्षण प्रस्ताव मिलने के बाद पंचायती राज निदेशालय और फिर राज्य निर्वाचन आयोग को यह सूची उपलब्ध कराएगा। अगले माह प्रस्तावित पंचायत चुनाव के लिए 21 जून की शाम को आयोग अधिसूचना जारी कर सकता है। 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए अन्य सभी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी थी, केवल आरक्षण का विषय अटका हुआ था।

सीमित सोशल पोस्ट और महज दो पोस्टरों में सिमटा पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे का जन्मोत्सव

महज डेढ़ वर्षों में बदला राजे समर्थकों का मन, नपाध्यक्ष ने जन्मदिन पर ही राजे समर्थक पीआईसी सदस्य गौरव सिंघल को हटाया

नगर संवाददाता

शिवपुरी- अभी तो विधानसभा चुनाव हुए महज डेढ़ वर्ष ही बीता है कि राजनीति में शामिल कई नेताओं ने अपने आकाओं को बदलना तक शुरू कर दिया है। कुछ इसी तरह का घटनाक्रम आज 19 जून को देखने को मिला जब पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के जन्मदिन के अवसर पर उनके ही समर्थकों का रंग बदला हुआ देखने को मिला। जिसमें फेसबुक सोशल मीडिया पर राजे समर्थकों की सीमित पोस्ट और जिला मुख्यालय पर महज दो बैनर-पोस्टरों में ही जन्मोत्सव सिमटा हुआ नजर आया।बताना होगा कि जब मप्र में भाजपा सरकार में पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया सरकार का अभिन्न अंग हुआ करती थी तब उनके हजारों समर्थकों के द्वारा अपनी आस्थाऐं स्वागत समारोह के दौरान देखने को मिलती थी। लेकिन जब वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने चुनाव लडने़ से इंकार कर दिया था तब उनकी अनुपस्थिति में भाजपा पार्टी के द्वारा वर्तमान में विधायक देवेन्द्र जैन को टिकिट दिया और वह इस चुनाव में जीतकर आज शिवपुरी विधानसभा का प्रतिनिधित्व भी कर रहे है, हालांकि नगर पालिका की प्रथम कमान संभालने वाली नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा भी राजे समर्थक है और वार्ड क्रं.37 से पार्षद गौरव सिंघल निर्दलीय पार्षद होकर राजे समर्थकों में गिने जाते है यह दो ही शख्स ऐसे निकले

कि इनके द्वारा बैनर-पोस्टर लगाकर पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के जन्मोत्सव को लेकर बधाई दी गई, हालांकि सोशल पोस्ट की बात करें तो इसमें नपाध्यक्ष के द्वारा भी लगभग दोप. 1 बजे बधाई की पोस्ट डाली गई और अन्य समर्थकों के द्वारा भी सीमित संख्या में ही पोस्ट की गई।

इधर यशोधरा राजे के जन्मदिन पर समर्थक को ही पीआईसी से हटाया

इधर पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के जन्मोत्सव पर राजे समर्थक नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा ने नपा के राजे समर्थक पीआईसी सदस्य वार्ड क्रं.37 से पार्षद गौरव सिंघल को ही आनन फानन में पीआईसी से हटा दिया गया और उनके स्थान पर अन्य पार्षद मदन शेजवार मट्टू को पीआईसी में शामिल किया गया। ऐसे में पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के जन्मोत्सव पर हुआ यह घटनाक्रम पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा। बता दें कि पार्षद गौरव सिंघल के द्वारा जब से नपा में पीआईसी की कमान संभाली गई थी तब से उनके द्वारा लगातार जनता के कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए गए और अपनी सर्वमान्य नेता यशोधरा राजे सिंधिया के मार्गदर्शन में पूरा दायित्व निभाया लेकिन नपाध्यक्ष ने वर्तमान में जिस तरह से पार्षद गौरव सिंघल को पीआईसी से हटाया है उससे साफ जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं नपाध्यक्ष का समन्वय राजे समर्थक पार्षदों से फीका होता हुआ दिखाई दे रहा है।

इनका कहना है-

हम तो हमेशा की तरह ही पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया का जन्मदिन मनाते आ रहे है और इसी तरह से इस वर्ष भी वार्ड 17 लुधावली में सेवा कार्य किए गए, यहां फल व अन्य सामग्री आदिवासियों में वितरित की गई। पूर्व कैबीनेट मंत्री हमारी नेता है और नेता रहेंगी, हम आगे भी प्रतिवर्ष उनका जन्मोत्सव सेवा कार्यों के साथ मनाते रहेंगें।

हरिओम राठौर
पूर्व यशोधरा राजे समर्थक व सांसद प्रतिनिधि गुना-शिवपुरी, लोकसभा

सबसे पुरानी और विश्वस्त सुंदरम फाइनेंस कंपनी है: सेवानिवृत्त डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार

सुंदरम मिलन समारोह में तीन पुराने ट्रक मालिकों को सम्मानित किया गया

नगर संवाददाता

शिवपुरी। शिवपुरी में पहली बार सुंदरम फाइनेंस कंपनी द्वारा सुंदरम मिलन समारोह एवी.रोड पर स्थित चौधरी ट्रक पार्किंग, रामसहाय ट्रांसपोर्ट में आयोजित किया गया। ऑल इंडिया ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के संरक्षक, पूर्व डीएसपी सुरेश सिंह सिकरवार के मुख्यातिथि, ऑल इंडिया ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के कोषाध्यक्ष शहीद खान की अध्यक्षता एवं गऊ अभ्यारण्य के संयोजक पंडित विनोद शास्त्री के विशिष्ट आतिथ्य ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत जोनल हेड प्रमोद शंकर, राहुल तिवारी, शिवपुरी ब्रांच मैनेजर राधेश्याम सिकरवार ने किया।स्वागत भाषण जोनल हेड प्रमोद शंकर ने दिया ओर सुंदरम फाइनेंस कंपनी के बारे में विस्तार से बताया कि 71 बर्ष पुरानी कंपनी है ओर लाखों ट्रक और गाडियों को फाइनेंस करती है,साथ ही गाड़ी मालिकों के साथ हमेशा सहयोगी के रूप में काम करती है.इसी के मुख्य उद्देश्य से ट्रक और गाड़ी मालिकों का पहली बार सुंदरम मिलन समारोह रखा गया है. मिलन समारोह में 32 पुरानी गाडियों जिनके मालिकों ने उसे ठीक ढंग से मेंटेनेंस किया है, उनमें से तीन गाड़ी मालिकों को सम्मानित किया जा रहा है और सभी ठीक मेंटेनेंस वाली पुरानी गाडियों के मालिकों को भी सम्मानित किया जा रहा है। मुख्यातिथि सुरेश सिंह सिकरवार ने अपने उद्बोधन में सभी ट्रक और गाड़ी के मालिकों की समस्याओं को बताया, सुंदरम फाइनेंस के अधिकारियों को भी नसिहत देते हुए कहा कि ट्रक एवं गाड़ी मालिकों को फाइनेंस करने में के बाद आने वाली परेशानियों पर ध्यान देना चाहिए, साथ ही इनकी मदद की जाए, सुंदरम फाइनेंस सबसे पुरानी कंपनी है, इसने देश में बहुत नाम कमाया है, सुंदरम फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने शिवपुरी में सुंदरम मिलन समारोह आयोजित किया ओर पुरानी गाडियों जिनका मेंटेनेंस ठीक है उन्हें सम्मानित किया।

कायस्थ समाज में कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के प्रति आक्रोश

चित्रांश कल्याण समिति ने विरोध स्वरूप कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

नगर संवाददाता

शिवपुरी- शहर के पुरानी शिवपुरी स्थित स्थानीय चित्रगुप्त मंदिर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की अगुवाई में चित्रांश कल्याण समिति सहित अन्य कायस्थ संगठनों की एक महत्त्व पूर्ण बैठक आहूत की गयी, जिसमे सैकड़ो लोगों ने एक स्वर में कथा बाचक पं.प्रदीप मिश्रा के प्रति आक्रोश व्यक्त किया गया। बता दें कि गत दिनों कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा के द्वारा महाराष्ट्र के बीड में अपनी कथा के दौरान कायस्थ समाज के आराध्य देवता चित्रगुप्त को लेकर अपमान जनक भाषा का प्रयोग करके अभद्र टिप्पणी की थी। जिसे लेकर समाज में रोष व्याप्त रहा और इस संबंध में समाजजनों की बैठक चित्रगुप्त मंदिर पर आयोजित की गई जिसमें समाज के जिलाध्यक्ष अनुराग अष्ठाना, प्रदेश सचिव अशोक सक्सेना, प्रदेश सचिव रुपेश श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष राम स्वरूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, भूपेंद्र भटनागर, अनिल निगम, के बी श्रीवास्तव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने उदबोधन में प्रदीप मिश्रा की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए उनके प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया। इस बैठक में सर्व सम्मति से कथा बाचक पं.मिश्रा को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और कायस्थ समाज के सभी लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये, तदुउपरांत सभी कलेक्टरेट पहुंचकर संयुक्त कलेक्टर जे.पी. गुप्ता ने कलेक्टर के प्रतिनिधि के ओर से ज्ञापन प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग अष्ठाना, प्रदेश सचिव द्वेय अशोक सक्सेना,रुपेश श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रामस्वरूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, भूपेंद्र भटनागर, अनिल निगम, सूरज सक्सेना, के बी श्रीवास्तव, मधुर श्रीवास्तव, गजेंद्र सक्सेना, राकेश भटनागर, नरेंद्र श्रीवास्तव,आलोक अष्ठाना, केशव सक्सेना, देवेंद्र खरे, अविनाश सक्सेना, चिराग खरे, हर्ष सक्सेना, आशीष सक्सेना, राधा मोहन श्रीवास्तव, के के सक्सेना, शैलेश भटनागर, विष्णु श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित थे।

द्वितीय अवसर बोर्ड परीक्षाः 10वी, 12वी के अंग्रेजी का प्रश्नपत्र हुआ आयोजित, 5745 परीक्षार्थी हुए शामिल

नगर संवाददाता

शिवपुरी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा मुख्य परीक्षा में असफल छात्रों व श्रेणी सुधार का अवसर देते हुए आयोजित की जा रही द्वितीय अवसर परीक्षा के क्रम में गुरूवार को हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी के महत्वपूर्ण अंग्रेजी विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे से 12 बजे की पाली में आयोजित इस परीक्षा में जिलेभर में 5745 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। सभी केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्थित और शांतिपूर्ण संचालित हुई और कहीं भी कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

हाईस्कूल में 211 तो हासे में 101 रहे गैरहाजिर

जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड़ ने बताया कि हायर सेकेण्डरी

में अंग्रेजी विषय के लिए कुल 2460 परीक्षार्थी शामिल थे जिनमें से 2359 परीक्षा देने पहुंचे जबकि विभिन्न केन्द्रों पर 101 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सबसे ज्यादा 47 पिछोर में अनुपस्थित रहे। जबकि पोहरी में 15, करैरा में 14, शिवपुरी में 12, कोलारस में 8, नरवर-खनियांधाना में 2-2 व बदरवास में 1 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहा। हाईस्कूल में कुल 3597 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें से 3386 परीक्षा देने पहुंचे जबकि 211 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। सबसे ज्यादा 132 पिछोर में शिवपुरी में 25, करैरा-पोहरी में 14-14, नरवर में 6, बदरवास में 7, कोलारस में 8 व खनियांधाना में 5 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

डीईओ ने शहर तो क्रीड़ा अधिकारी ने पिछोर में परखी परीक्षा

परीक्षा में विकासखण्ड व जिला स्तरीय निरीक्षण दल लगातार निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं। अंग्रेजी के महत्वपूर्ण प्रश्नपत्र के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने शहर के कन्या उमावि कोर्ट रोड, उत्कृष्ट उमावि क्र. 1, उमावि क्र. 2, उमावि सदर बाजार व मॉडल उमावि शिवपुरी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया व केन्द्राध्यक्षों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे ने अपनी टीम के साथ पिछोर क्षेत्र के आधा दर्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मॉडल उमावि पिछोर, कन्या उमावि पिछोर, बालक उमावि पिछोर, सरस्वती शिशु मंदिर व हाईस्कूल हरिजन बस्ती पिछोर सहित उमावि खोड़ केन्द्र का जायजा लिया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्थित व शांतिपूर्ण संचालित मिली।

पुलिस वेतन पैकेज के तहत 1 करोड़ के दुर्घटना मृत्यु दावे की राशि परिजनों को सौंपी गई

नगर संवाददाता

शिवपुरी। आज पुलिस वेतन पैकेज के अंतर्गत 1 करोड़ की दुर्घटना मृत्यु दावे की राशि का चेक स्व. हजारी सिंह बघेल के परिजनों को सौंपा गया। यह कार्यक्रम एसपी शिवपुरी अमन सिंह राठौर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमोद पाल (सीएम क्रेडिट एवं एनपीए), अविनाश यादव (मुख्य प्रबंधक, गुरुद्वारा चौक शाखा), संजय वर्मा, हेमंत उपाध्याय एवं परवल सिंह (रिलेशनशिप मैनेजर) भी उपस्थित रहे। यह पहल टीम एसबीआई आरबीओ-5 शिवपुरी द्वारा सराहनीय रूप से संपन्न की गई।

रोहिणी अवस्थी होंगे शिवपुरी के नए योजना अधिकारी

स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, बीआरसीसी, बीईओ जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभाल चुके हैं अवस्थी

नगर संवाददाता

शिवपुरी। मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने शिवपुरी जिला शिक्षा कार्यालय में लंबे समय से रिक्त पड़े योजना अधिकारी के पद पर पदस्थापना कर दी है। शिवपुरी डाइट में बतौर व्याख्याता के पद पर पदस्थ रोहिणी अवस्थी को जिले का नया योजना अधिकारी नियुक्त किया गया है। अवस्थी वर्तमान में डाइट शिवपुरी में प्रशिक्षण प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहे थे। इस नए आदेश के क्रम में अवस्थी ने गुरूवार दोपहर को डीईओ कार्यालय में योजना अधिकारी के पद पर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। जिला शिक्षा विभाग में अवस्थी पिछले ढाई दशक में कई महत्वपूर्ण पदों पर पदस्थ रह चुके हैं। वर्ष 1998 में वे बदरवास बीआरसीसी तो वर्ष 2000 में शिवपुरी बीआरसीसी के पद पर कार्यरत रहे। जबकि वर्ष 2011 में बदरवास बीईओ व वर्ष 2014 में शिवपुरी बीईओ का दायित्व संभाल चुके हैं। इसके अलावा वर्ष 2021 में वे प्रभारी योजना अधिकारी के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। अवस्थी को योजना अधिकारी बनाए जाने पर विभिन्न शिक्षक व कर्मचारी संगठनों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में शिक्षक नेता राजेन्द्र पिपलौदा, वत्सराज सिंह राठौड़, नीरज सरैया, स्नेह सिंह रघुवंशी, प्रदीप अवस्थी, बृजेन्द्र भार्गव कुछ्छू, अरविंद सरैया, विपिन पचौरी, राजकुमार सरैया, पवन अवस्थी, परवेज खान, वीरेन्द्र शिवहरे, इरशाद कुरेंशी,भरत धाकड़ आदि शामिल हैं।

राहुल गांधी के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया वृक्षारोपण

पवन तिवारी ने पार्टी फंड में 50 हजार देने की घोषणा की

नगर संवाददाता

शिवपुरी। करेरा विधानसभा में भारत के जननायक कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस शिवपुरी के जिला अध्यक्ष मानसिंह फौजी, करैरा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डीपी श्रीवास्तव, किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पवन तिवारी, आईटी सेल सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष महेन्द्र कुशवाहा, राकेश जाटव, राजकिशोर जाटव, भारत जाटव सहित कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर पवन तिवारी ने कांग्रेस कमेटी करैरा के लिए 50,000 की राशि पार्टी फंड में देने की घोषणा की। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह फौजी ने कहा कि यह वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि कांग्रेस की उस सोच का प्रतिबिंब है जो हरित भविष्य और सामाजिक जिम्मेदारी को साथ लेकर चलती है। पवन तिवारी द्वारा की गई फंड की घोषणा संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं में पर्यावरण संरक्षण और संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक बल मिला।

अब सारे कार्य नियमों के दायरे में किए जाएंगे, यदि कोई कागज नपा से बाहर गया तो जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाईः सीएमओ इशांक धाकड़

नगर पालिका में अब से सूचीबद्ध तरीके से ही होंगे भुगतान

नगर संवाददाता

शिवपुरी। नगर पालिका सीएमओ इशांक धाकड़ ने पार्षदों के विरोध के बाद यह साफ कर दिया है कि नगर पालिका से किसी भी तरह की फाइल या सरकारी कागज अब बाहर नहीं ले जाया जा सकेगा और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि अब से नगर पालिका द्वारा कराए गए कार्यों को सूचीबद्ध किया जाएगा और नए व पुराने कार्यों को जानकारी में लेकर सिलसिले बार तरीके से ही भुगतान की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। ज्ञात रहे इससे पूर्व पार्षदों द्वारा

शिकायत की गई थी कि नगर पालिका में मनमाने तरीके से भुगतान किया जा रहे हैं और कई ठेकेदार 2 साल से भी अधिक समय से अपने भुगतान को लेकर चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन नए कार्य कराए जाकर उनका भुगतान पहले कर दिया जा रहा है जबकि शासन की गाइडलाइन के अनुसार भुगतान सूचीबद्ध तरीके से ही होना चाहिए। इस पर नगरपालका सीएमओ ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब से सारे कार्य नियमों के दायरे में किए जाएंगे यदि कोई कागज नगर पालिका से बाहर जाता है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की होगी। इसी तरह भुगतान प्रक्रिया को भी नियम के अंदर लाकर ही कार्यों के भुगतान किए जाएंगे। नपा उपाध्यक्ष द्वारा यह प्रश्न भी उठाया गया कि जब नगर पालिका के पास बजट नहीं है तो नए कार्य के प्रस्ताव क्यों लिए जा रहे हैं जिस पर सीएमओ नगर पालिका ने स्पष्ट किया कि हमारे द्वारा काफी हद तक रोक लगाई गई है और आगे भी बजट अनुसार ही कार्य होंगे। इस मौके पर सीएमओ इशांक धाकड़ ने यह भी स्पष्ट किया की कार्यालय अधीक्षक से नगर पालिका के कागजातों और फाइलों की जानकारी ली जा रही है और भविष्य में उनको यह ताकीत की गई है कि नगर पालिका से संबंधित सभी कागजात नगर पालिका परिषद में ही रहे। उधर पीआईसी बैठक में आया 62 बिंदुओं का एजेंडा चन्द्र बिंदुओं को छोड़कर पास कर दिया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर सहमति होने पर पीआईसी की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई।

विश्वसिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस पर आदिवासी ग्राम भड़ाबावड़ी में स्वास्थ्य जांच एवं जनजागरूकता शिविर आयोजित

सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया भाग, किशोरियों में एनीमिया की पुष्टि, समय पर जांच और जागरूकता पर दिया गया जोर

नगर संवाददाता

शिवपुरी। विश्व सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस के अवसर पर शक्ति शाली महिला संगठन द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से आदिवासी बहुल ग्राम भड़ाबावड़ी में एक विशेष स्वास्थ्य जांच एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय में सिकल सेल एनीमिया और सामान्य एनीमिया जैसे रक्त विकारों के बारे में जागरूकता फैलाना और समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था।एसएमएसएस संस्था के संयोजक रवि गोयल ने ग्रामीण समुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है, जो विशेष रूप से आदिवासी जनसंख्या में अधिक देखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह रोग जीवनभर साथ रह सकता है, लेकिन समय रहते जांच, उपचार और जागरूकता से जीवन की गुणवत्ता में सुधार संभव है।

विशेषज्ञों द्वारा दी गई स्वास्थ्य जानकारी

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज सुमन और मेडिकल ऑफिसर डॉ. आर. वी. एस. के. (सतनवाड़ा) ने ग्रामीणों को सिकल सेल एनीमिया, सामान्य एनीमिया, उनके लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवजात बच्चों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग, संतुलित पोषण और नियमित दवाओं का सेवन इन बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है।

बालिकाओं में एनीमिया की पुष्टि, रेफर किया गया

शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों, विशेष रूप से महिलाओं, किशोरियों और बच्चों ने भाग लिया। जांच के दौरान काजल, ज्योति और संजना नामक किशोरियों में एनीमिया की पुष्टि हुई, जिन्हें आगे के उपचार के लिए संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को रेफर किया गया।

स्थानीय सहयोग और सामुदायिक भागीदारी

इस कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता मनीषा जाटव, आंगनवाड़ी सेविका पार्वती धाकड़, सहायिका कविता धाकड़, तथा शक्ति शाली महिला संगठन की टीम ने सक्रिय सहयोग किया। उनके प्रयासों से ग्रामीण समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति विश्वास और जागरूकता की भावना मजबूत हुई।

व्यापारियों ने उरई से दिल्ली के लिए ट्रेन चलाने के लिए महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन दिया

0 यात्रियों की सुविधाओं की बढ़ोतरी के लिए मांग की

उरई(जालौन)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से ज्ञापन देते हुए मांग की ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि उरई स्टेशन पर उच्च क्लास के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक विश्राम गृह और बनाया जाए। जनपद जालौन एवं आसपास के जिलों से यात्रियों, व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उरई से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा चालू कराई जाए। स्टेशन पर महिलाओं के लिए अलग से सुरक्षित विश्राम गृह निर्मित कराया जाए। व्यापार मंडल ने महाप्रबंधक से मांग की है कि द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालय को और अधिक बड़ा किया जाए जिससे अधिक से अधिक यात्रियों को अपनी ट्रेन की प्रतीक्षा के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। साथ ही दिव्यांग भाई बहनों के लिए कोई साइकिल स्टैंड नहीं है जब कि अमृत भारत योजना में बने स्टेशन पर पूर्व में उनके लिए एक अलग से साइकिल स्टैंड था। साथ ही सभी प्रतीक्षालय में यात्रियों की सुविधा के लिए एलईडी टीवी लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के अलावा धर्मेंद्र शर्मा, विवेक शुक्ला, संजय विजपुरिया, केदार भारद्वाज, निलय कुमार, रोहित अग्रवाल सहित बड़ी तादात में व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

दो पक्षों में शहर के अम्बेडकर चौराहा पर हुई मारपीट का वीडियो हुआ बायरल

कोतवाली प्रभारी ने कहा वीडियो फुटेज की सहायता से पहचान होगी कार्रवाही

उरई (जालौन)। बीती रात शहर के मुख्य अंबेडकर चौराहा के आगे क्लब मार्केट के बाहर दो युवक किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। शुरुआती कहासुनी धीरे-धीरे बढ़ती गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। घटना में कई युवक लात-घूंसों और डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पहले दोनों पक्षों में बहस हुई, लेकिन कुछ ही मिनटों में यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे पर हिंसक हमला कर बैठे। राहगीरों और आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव की कोशिश की,लेकिन स्थिति काबू से बाहर होती चली गई। पूरी घटना का एक वीडियो किसी राहगीर ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे दोनों पक्षों के युवक एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और क्लब के बाहर भरे हुए पानी में भी एक दूसरे के साथ हाथापाई कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद उरई कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उरई कोतवाल अरुण कुमार रॉय के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। जो भी युवक इस मारपीट में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम वीडियो फुटेज की सहायता से पहचान सुनिश्चित कर रहे हैं।

बिजली न आने से आक्रोशित कुकरगांव के ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

0 सड़क जाम से वाहनों और राहगीरों को झेलनी पड़ी परेशानी

उरई (जालौन)। कुकरगांव फीडर से बिजली आपूर्ति ठप होने के चलते ग्रामीणों का फूटा गुस्सा और उन्होंने जालौन-उरई मार्ग जाम लगा लिया।

विद्युत विभाग की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने कहा जब तक बिजली नहीं, तब तक रास्ता नहीं खोला जायेगा जालौन में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। कुकरगांव फीडर से जुड़े लगभग डेढ़ दर्जन गांवों में कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। इससे नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को जालौन-उरई मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।ग्रामीणों ने साफ कहा कि जब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जाती, तब तक जाम खत्म नहीं होगा। जाम के कारण दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं , मौके पर न तो कोई विद्युत विभाग का कर्मचारी पहुंचा और न ही कोई अधिकारी स्थिति का जायजा लेने आया, जिससे लोगों में और अधिक रोष व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि लंबे समय से कुकरगांव फीडर की स्थिति बेहद खराब है और विभाग की अनदेखी के कारण बार-बार बिजली गुल हो जाती है। इस बार समस्या इतनी बढ़ गई कि सप्लाई पूरी तरह ठप हो चुकी है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।जब तक बिजली नहीं दी जाएगी, तब तक सड़क नहीं खोली जाएगी। समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी नहीं पहुंच ओर ना जाम खोला गया है।

गैंगस्टरों की संपत्तियों को चिहिंत कर उनकी कुर्क और जब्ती कार्रवाही करें-डीएम

उरई (जालौन)। कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गयी जिसमें कानून व्यवस्था, अभियोजन व्यवस्था तथा नारकोटिक्स नियंत्रण की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में भू माफिया खनन माफिया लोकेशन माफियाओं और असामाजिक तत्वों और गैंगस्टरों के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। चिन्हित मामलों में चल रही कार्यवाही को और तेजी से आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामलों में अभियुक्तों की अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों की पहचान कर उन्हें जब्त किया जाये। ताकि अपराधियों को आर्थिक रूप से भी कमजोर किया जा सके। उन्होंने अभियोजन के द्वारा वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाए जाने पर संतोष व्यक्त किया और समीक्षा में निर्देश दिए कि हर मामले में मजबूत पैरवी कर अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए।पुलिस अधीक्षक डॉ.दुर्गेश कुमार ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य किया जाए। नारकोटिक्स,ओवर लोडिंग, और संगठित अपराध के मामलों में पकड़े गए अभियुक्तों की पूरी पृष्ठभूमि की जांच कर उनकी संलिप्तता को उजागर किया जाए। समीक्षा बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सयुंक्त निदेशक अभियोजन कृष्णधर शुक्ला, एवं समस्त एसडीएम, सीओ, एसएचओ सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अपना दल एस ने घूसखोरी और भ्रष्टाचार के बिरोध में एसपी कार्यालय में धरने पर बैठे

उरई (जालौन)। अपना दल एस पार्टी जालौन के जिला अध्यक्ष अनिल अटरिया एवं प्रदेश महासचिव ओमकार ठाकुर, युवा जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी,झाँसी युवा जिलाध्यक्ष अजहर कुरैशी,प्रदेश सदस्य रोहित राठौर, राष्ट्रीय सचिव दीपू सिरोठिया,जिला महासचिव महेन्द्र भदारी जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश गुप्ता, रामबाबू कुशवाहा, लाल सिंह बगिया, कलू पिए, बलराम कुशवाहा, प्रांजुल पटेल, नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, अखिल साहू, हुकुम सिंह गोहन, पुनीत नूनसाई, रोहित कुशवाहा, मयंक यादव, विक्रम के साथ अपना दल एस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में धरना देते हुए पुलिस की कार्यशैली पर आरोप लगाया जिसमे सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा के संरक्षण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा लोगों पर फर्जी मुकदमा लिखाने, टैक्स बसूली करने और जबरन कार्यालय में ताला लगाने जैसे आरोप लगाए धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन मुरादाबाद गौरीशंकर वर्मा मुर्दाबाद एबीवीपी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

नालों के ऊपर अतिक्रमण करने वालों पर पालिका ने चलाया अभियान जेसीवी चलाबा कर नालों सफाई करबाई

जालौन। नगर क्षेत्र में वर्षों से लोगों द्वारा नालों के ऊपर पुख्ता लेंटर डालकर किए गए अतिक्रमण के कारण नालों की नियमित सफाई बाधित हो रही थी। बारिश के मौसम में नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव की गंभीर स्थिति बन जाती है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने के साथ ही सफाई अभियान चलाया।

अभियान की शुरुआत छत्रसाल रोड पर खच्चू कबाड़ी के पास बने नाले से की गई। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने नालों के ऊपर पक्के लेंटर डालकर अवैध निर्माण कर रखा था। इन लेंटरों के चलते नगर पालिका की सफाई टीम नालों की गहराई तक पहुंच नहीं पा रही थी, जिससे उनमें सिल्ट जमा होती जा रही थी और पानी की निकासी बाधित हो रही थी।एसडीएम विनय मौर्य, तहसीलदार व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार के निर्देशन में टीम ने जेसीबी मशीन और अन्य संसाधनों की मदद से इन पुख्ता लेंटरों को हटवाया गया। इस दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार का विरोध या बाधा उत्पन्न न हो सके। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लेंटर हटाने के तुरंत बाद नगर पालिका की सफाई टीम ने नालों की सिल्ट हटवाने का कार्य शुरू कर दिया। इस सफाई कार्य में नालों के भीतर जमी हुई गाद, कचरा व प्लास्टिक को निकाला गया।अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में जिन-जिन स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण किया गया है, वहां भी जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। बताया कि पालिका का हमारा लक्ष्य है कि बारिश के पहले नालों की पूरी तरह से सफाई कराई जाए ताकि जलनिकासी दुरुस्त हो सके और नागरिकों को परेशानी से बचाया जा सके। इस मौके पर कोतवाल अजीत सिंह, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

जालौन। नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमालुद्दीन के नेतृत्व में प्रदुम्न, ओम नारायण, राजाभैया आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बारिश का मौसम चल रहा है। बारिश के मौसम में अक्सर जलभराव हो जाता है। ऐसे में नालों की सिल्ट की सफाई कराई जाए ताकि जलभराव की समस्या का समाधान हो सके। दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए वाटर कूलर नगर पालिका द्वारा लगवाया गया था, जो वर्तमान में खराब पड़ा है, उसे सही कराया जाए। कुछ दिनों में मुहर्रम का पर्व आने वाला है, ऐसे में ताजिया निकलने वाले मार्ग पर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और यदि कहीं अतिक्रमण हो तो उसे भी हटवाया जाए। नगर में घंटों अघोषित बिजली कटौती होती है। इसके लिए रोस्टर निर्धारित किया जाए और अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए। प्राइवेट स्कूलों में अभिभावकों की क्षमता से अधिक मंहगी किताबें लगाई जाती हैं, इस पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा नगर में निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड का काम शीघ्र पूरा कराया जाए। एसडीएम ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया है।

चकरोड की नापजोक होने के बाद भी दबंग नहीं डालने दे रहे चकरोड

कोंच(जालौन)। लेखपाल ने चकरोड नापकर निशानात लगवा दिए और जब चकरोड को यथा स्थान कायम करने की बात आई तो दबंग लोग लाठी डंडा लेकर लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गए। तहसील क्षेत्र के नदीगांव डांग खैराई मौजा का है जहां पर गाटा संख्या 71 सरकारी चकरोड को महाराज सिंह पुत्र जंगी निवासी नदीगांव के प्रार्थना पत्र पर 9 जून को लेखपाल व पुलिस बल ने नापकर निशानात लगवा दिये थे और उस समय सभी कास्तकार राजी भी हो गए थे लेकिन लेखपाल के जाते ही राय सिंह पुत्र मेहरवान सिंह लाखन सिंह मेहरवान सिंह व बहोरन पुत्रगण वुद्ध सिंह व राम सिंह पुत्र मेहरबान सिंह एवं घर की महिलाएं लाठी डंडा व कुल्हाड़ी लेकर आ गयीं और चकरोड डलवाते समय लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए जिस पर महाराज सिंह ने दिन गुरुवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को पुनः प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त चकरोड को पुलिस सुरक्षा में डलवाये जाने की मांग की है।

भारत विकास परिषद, कोंच ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस को श्रद्धा भाव से मनाया

कोंच(जालौन)। भारत विकास परिषद, कोंच द्वारा आज चन्दकुआ स्थित रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, शौर्य और देश के प्रति उनके बलिदान को याद किया गया। वक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए और अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने देश की नारियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत के रूप में रानी लक्ष्मीबाई के योगदान को सराहा और बताया कि किस प्रकार उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने और राष्ट्र के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर भारत विकास परिषद, कोंच के अध्यक्ष राजेंद्र निगम, सचिव अमरेंद्र दुबे, विकार अहमद, अनिल कपूर सोनी, भास्कर दुबे, अरविंद प्रेस, शैलेंद्र सराफ डॉ. प्रदीप, विजय अग्रवाल, प्रह्लाद कौशल, विवेक तिवारी, संदीप अग्रवाल, संदीप चोपड़ा और अनिल अग्रवाल सहित अनेक सदस्य और शहर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने रानी लक्ष्मीबाई के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सिमरिया घाट की निजी भूमि से हो रहा मानकों को ताकत पर रखकर हो रहा खनन

उरई(जालौन)। निजी भूमि से मौरम खनन करने के लिए पर्यावरण संतुलन और अवैध खनन रोकने के लिए तय किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में निर्माण कार्यों की मांग के चलते मौरम और रेत की जरूरत तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते निजी भूमि पर मौरम खनन के मामले भी सामने आ रहे हैं। लेकिन अक्सर यह देखा गया है कि बिना वैध अनुमति और मानकों के उल्लंघन के साथ खनन गतिविधियां हो रही हैं, जिसका उदाहरण जनपद के सिमरिया घाट पर चल रहा जिससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान हो रहा है बल्कि भू-गर्भीय जल स्तर भी प्रभावित हो रहा है।सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए निजी भूमि से मौरम खनन के लिए कुछ स्पष्ट मानक निर्धारित किए हैं। जिनका पालन नहीं किया जा रहा है। निजी भूमि से मौरम खनन के लिए जिला खनन अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होता है। जानकारों सूत्रों की माने तो सिमरिया घाट के ठेकेदार हेकड़ी दिखा मन मानी तरीके से कर रहे खनन किसकी सह मानकों को ताकत पर रखकर हो रहा अवैध खनन यह तो जांच अधिकारी और क्या रिपोर्ट शासन को भेजते हैं..?

नगर पालिका उरई के कर अधीक्षक का तबादला बना चर्चा का विषय

स्थानांतरण के बाद मलाईदार पोस्ट से नहीं हो रहा मोह भंग

उरई (जालौन)। उरई नगर पालिका परिषद में इन दिनों कर अधीक्षक का स्थानांतरण एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा जबकि कर अधीक्षक का शासन स्तर से तबादला हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारी अपनी पोस्टिंग को रुकवाने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगा रहे हैं। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार इसकी चर्चा नगर में जोरो से होने के बाद एक विषय बना हुआ है। वह कभी सभासदों से मिल रहे हैं तो कभी अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद कर अधीक्षक ने नगर में अपने रसूख और पहुंच का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। वे न केवल अपना ट्रांसफर रुकवाने के प्रयास में लगे हुए हैं, बल्कि अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों में भी दखल देने लगे हैं। नगर पालिका के भीतर यह चर्चा तेज है कि वह मानो ट्रांसफर एजेंट की भूमिका में आ गए हैं। प्रशासनिक हलकों में यह सवाल आम हो गया है कि आखिर उरई से इतना लगाव क्यों है लोगो का कहना यहां तक है कि तबादले के बाद भी यहां से हटना नहीं चाह रहे हैं। बताया जा रहा है कि कर अधीक्षक की उगाही प्रणाली काफी व्यवस्थित है, जिससे न केवल निजी लाभ हो रहा है, बल्कि कुछ अधिकारियों की जेब भी भर रही है। नगर में कई लोग उन्हें कमाऊ पुत्र कहकर संबोधित करते हैं यानी ऐसा कर्मचारी जो खुद भी कमाता है और दूसरों को भी कमवाता है। यही बजह है कि कुछ प्रभावशाली लोग उन्हें यहां से हटने नहीं देना चाहते। सूत्र तो यहां तक बताते है कि कर अधीक्षक की कार्यशैली को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। एक माह पहले भी एक प्रमुख जनप्रतिनिधि ने उनके खिलाफ शासन स्तर पर शिकायत की थी। आरोप है कि कर संग्रहण के नाम पर आम लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है तथा दुकान मालिकों और छोटे व्यापारियों से मनमानी वसूली की खबरें भी सामने आई हैं। कई मामलों में उनके खिलाफ आरटीआई और शिकायत पत्र भी भेजे गए हैं, लेकिन मजबूत पकड़ के कारण हर बार कार्रवाई टलती रही। दिलचस्प बात यह है कि नगर पालिका के कई सभासदों ने भी इस मामले में चुप्पी साध रखी है। लोगों की चर्चाओं के मुताबिक, कुछ सभासद कर अधीक्षक के संपर्क में हैं और अपने-अपने हितों के चलते उनका साथ दे रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शासन अपने तबादला आदेश को प्रभावी रूप से लागू कर पाएगा या फिर रसूख के आगे नियम-कानून फिर एक बार हार मान लेगा। आम जनता में यह असंतोष बढ़ रहा है कि यदि अधिकारियों के स्थानांतरण जैसे सामान्य प्रशासनिक निर्णय भी प्रभावित हीन हो रहे हैं, तो भ्रष्टाचार और मनमानी पर कैसे लगाम लगेगी।

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा

उरई (जालौन)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग) तथा जनपद के प्रभारी मंत्री श्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन, जालौन में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।यह कार्यक्रम 21 जून,को सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे, योग प्रशिक्षक एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम की समुचित तैयारियां की जा रही हैं तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने जनमानस से अपील की कि वे योग दिवस कार्यक्रम में सहभागिता कर स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का संकल्प लें।

हरीपुरा के दो हैंडपंप लगभग तीन महीने से खराब लोग परेशान

जालौन। जलापूर्ति के लिए लगे मोहल्ला हरीपुरा के दो हैंडपंप लगभग तीन महीने से खराब हैं। वहीं एक हैंडपंप खारा पानी दे रहा है। लोगों की शिकायत के बाद भी हैंडपम्प को ठीक नहीं किया गया है। नगर के वार्ड तीन की दलित बस्ती हरीपुरा में सीताराम साहू व देव प्रसाद कुशवाहा के मकान के पास हैंडपंप लगे हैं। दोनों हैंडपंप लगभग 3-3 माह से पानी नहीं दे रहे हैं। जबकि संतोष याज्ञिक के घर के बाहर लगा हैंडपंप पानी तो दे रहा है लेकिन खारा होने के कारण वह पीने लायक नहीं है। मोहल्ले में तीन-तीन हैंडपंप खराब होने के कारण व बिजली आपूर्ति प्रभावित होने आसपास के लोग पानी के लिए परेशान है। मोहल्लावासियों की जरूरत को देखते हुए पूर्व सभासद शिवराम जाटव जेनरेटर से समरसेविल चलाकर लोगों को पानी भरवाते है। मोहल्लावासी मूलचरन जाटव, संतोष सैनी, ललित साहू, मोहन जाटव, लक्ष्मीकांत साहू, अरविन्द जाटव, अन्नू वर्मा आदि बताते हैं कि उन्होंने खराब हैंडपंप की जानकारी नगर पालिका में दी और जल संस्थान को भी दी है। लेकिन खराब हैंडपंपों की अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई है। उधर संतोष याज्ञिक के घर के बाहर लगा हैंडपंप लगभग 20 वर्ष से खारा पानी दे रहा है लेकिन इसका कोई समाधान नहीं किया गया है। अधिशाषी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है। कर्मचारी भेजकर ठीक करा दिया जाएगा।

पैसे के लेनदेन में हुयी मारपीट मामला कोतवाली पहुंचा

कोंच(जालौन)। कोतवाली के मुहल्ला भगत सिंह नगर राम तलैया निवासिनी रजनी पत्नी दिलदार ने दिन गुरुवार को कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि 19 जून सुबह 10.30 बजे की है जब पूर्व में पैसे के लेनदेन को लेकर मुहल्ले के ही रामजी हरवंश व करन पुत्रगण होरीलाल मेरे साथ गाली गलौच करने लगे मेरे मना करने पर उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर दी रजनी ने पुलिस से उक्त लोगों के लिखाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है जिस पर पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कर रही है।

सभाषद ने अवर अभियंता पर लगाये अनियमितता का आरोप लगाया

कोंच(जालौन)। मुहल्ला सुभाष नगर के सभाषद बेद प्रकाश दुवेदी उर्फ बिक्की व मुहल्ला तिलक नगर नरिया सभाषद रघुवीर कुशवाहा ने दिन गुरुवार को उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को पत्र सौंपते हुए बताया कि पालिका परिषद द्वारा अमृत(2.0) योजना के अंतर्गत मुहल्ला गोखले नगर स्थित धनुतालाब का सोन्द्रीय करण एवं अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं जो लगभग तीन करोड़ रुपये की धनराशि से संचालित हो रहे हैं हम लोग पालिका बोर्ड के सदस्य हैं और इस अधिकार से सम्बंधित अवर अभियंता एवं अन्य सम्बन्धितों से उक्त कार्य के आगणन की एवं डी पी आर की प्रति मांगी जिससे निर्माणी गुणबत्ता व अन्य चीजों को देखा जा सके लेकिन अवर अभियंता द्वारा सम्बंधित दस्तावेजों को देने से मना कर दिया इसके अतिरिक्त भुगतान रजिस्ट्रर के मुआयना हेतु पत्र दिया था जो कि अब तक नहीं दिखाया गया जिससे स्पष्ट होता है कि हम लोगों से अनियमितता छुपाई जा रही है सभाषदों ने एस डी एम से उक्त समस्या का अतिशीघ्र समाधान कराए जाने की मांग की है।

अधेड़ का शव रेलवे टैऊक के पास पड़ा मिला मोबाइल से हुयी पहचान

उरई(जालौन)। एट-भुआ रेलवे स्टेशन के समीप किलोमीटर संख्या 1224/4-6 के पास एक अधेड़ का शव पड़ा मिला जिसकी सूचना आरपीएफ के उप निरीक्षक डीपी सिंह स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंचे वहां पर लाइन के किनारे एक डेड बॉडी पड़ी थी। जिसका मौके मुआना करने पर डेड बॉडी की तलाशी ली तो कपड़ों के अलावा एक पुराना कीपैड फोन मोबाइल मिला जिसे सिविल पुलिस के द्वारा परिजनों को फोन करने पर मृतक महावीर पाल पुत्र श्याम लाल पाल उम्र करीबन 55 वर्ष निवासी हरदोई गुर्जर थाना एट जिला जालौन के रुप में पहचान मोके पर परिजन के पुत्र सूरज व उसके परिजनों की मृतक के पास रेल यात्रा टिकट या पास आदि नहीं मिला। मौके की कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल पुलिस अपने साथ ले गई।

सम्पादक की कलम से

धर्म का एक दशकः मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था। कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस यात्रा ने दिया भारत विरोधी ताकतों को कड़ा संदेश इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी। 2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है। आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। – **सम्पादक**

कोचिंग का क्रेडिट, स्कूल की गुमनामी- शिक्षकों के साथ यह अन्याय कब तक?

आज कोचिंग संस्थानों को छात्रों की सफलता का सारा श्रेय मिलता है, जबकि वे शिक्षक गुमनाम रह जाते हैं जिन्होंने वर्षों तक नींव रखी। यह संपादकीय उसी विस्मृति की पीड़ा को उजागर करता है। स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षक सिर्फ परीक्षा नहीं, सोच, भाषा और संस्कार गढ़ते हैं। कोचिंग एक पड़ाव है, पर शिक्षकों की तपस्या पूरी यात्रा का आधार। शिक्षा में श्रेय का यह असंतुलन सामाजिक और नैतिक रूप से अन्यायपूर्ण है - और इसे सुधारने की सख्त ज़रूरत है।

-डॉ सत्यवान सौरभ

आज जब भी कोई छात्र ह्श्चश्ज्ञ, छ्श्वश्व, क्क्रस्ष्ट या अन्य प्रतियोगी परीक्षा में चयनित होता है, तो मीडिया उसकी सफलता को कोचिंग संस्थान की सफलता के रूप में प्रस्तुत करता है। बधाइयाँ, होर्डिंग्स, विज्ञापन, और सोशल मीडिया पोस्ट्स - सब पर एक ही नाम चमकता है- कोचिंग सेंटर। लेकिन इस पूरे शोरगुल में वह शिक्षक खो जाते हैं, जिन्होंने कभी उस छात्र को पहली बार पेंसिल पकड़ना सिखाया था, जिसने उसे अक्षरों से परिचय कराया था, जिसने उसकी गणना और तर्क की नींव रखी थी। यह वही शिक्षक हैं जो स्कूल और कॉलेजों में वर्षों तक संघर्षरत रहकर बिना किसी विशेष संसाधन के, बच्चों में सोचने की क्षमता और आत्मविश्वास जगाते हैं।

यह लेख इसी अदृश्य, उपेक्षित वर्ग की आवाज़ है।

शिक्षा कभी एक बाज़ार नहीं थी। वह एक संबंध था - गुरु और शिष्य का। लेकिन जब से शिक्षा के क्षेत्र में कोचिंग संस्थानों का वर्चस्व बढ़ा है, तब से यह संबंध एक सेवा और ग्राहक का रूप ले चुका है। छात्र एक उपभोक्ता बन गया है और शिक्षक - एक उत्पाद बेचने वाला। कोचिंग संस्थान अब एक ब्रांड है, जो सफलता बेचता है, और स्कूल का शिक्षक सिर्फ एक सरकारी कर्मचारी, जिसे ना प्रशंसा मिलती है, ना मंच। शिक्षा में यह असंतुलन क्यों? क्या एक छात्र की सफलता का संपूर्ण श्रेय सिर्फ उस कोचिंग संस्थान को दिया जाना न्यायसंगत है जहाँ वह अंतिम एक या दो वर्षों में गया? और उस स्कूल या कॉलेज की भूमिका क्या शून्य हो जाती है जहाँ उस छात्र ने जीवन के 10-12 वर्ष बिताए?

हमें यह याद रखना होगा कि कोई भी छात्र एकाएक क्क्रस्ष्ट क्लियर नहीं करता। वह प्रक्रिया कहीं कक्षा-3 की हिंदी की कविता याद करने से शुरू होती है, जब शिक्षक उसकी उच्चारण की भूलें सुधारते हैं। वह गणित के पहले गुणा-भाग से शुरू होती है, जब शिक्षक उसकी उंगलियों की गिनती को गणना में बदलते हैं। ये शिक्षक किसी ब्रांड के बोर्ड तले नहीं पढ़ाते, इनकी कक्षाएँ बिना एयरकंडीशनर की होती हैं, और कभी-कभी बिना पंखे के भी। लेकिन इनके पसीने से ही भविष्य की नींव तैयार होती है।

जब कोई छात्र इंटरव्यू में पूछे जाने पर कहता है कि ÷मेरी सफलता मेरे कोचिंग संस्थान की देन है,÷ तो यह वाक्य सुनकर कहीं किसी गाँव के सरकारी स्कूल में पढ़ा रहा एक शिक्षक चुपचाप मुस्कुरा देता है। वह जानता है कि उसने कुछ तो सही किया होगा, तभी यह छात्र उस जगह तक पहुँच पाया है। लेकिन उस मुस्कान में पीड़ा छिपी होती है, उस चुप्पी में वह सवाल होते हैं जो कोई नहीं पूछता - ÷क्या मेरी कोई भूमिका नहीं थी?÷

कोचिंग संस्थान सफलता का शॉर्टकट दे सकते हैं, लेकिन सोचने की आदत, भाषा की पकड़, सामाजिक चेतना - ये सब स्कूलों में ही पैदा होती है। विद्यालय सिर्फ परीक्षा की तैयारी नहीं कराते, वे व्यक्ति का निर्माण करते हैं।

बाज़ार की भाषा में कहें तो आज शिक्षा एक %ब्रांडेड सर्विस% बन चुकी है। कोचिंग सेंटर सफलता के ग्राफ के साथ खुद को बेचते हैं, और सफल छात्रों को विज्ञापन की तरह इस्तेमाल करते हैं। यह शोषण का एक नया रूप है, जिसमें मेहनत किसी और की होती है और लाभ किसी और को मिलता है।

विज्ञापनों की भाषा देखिए - ÷हमारे यहाँ से 72 चयनित!÷, ÷ढ्ढक्र1 हमारे छात्र!÷, ÷बिना कोचिंग के असंभव!÷ - इन दावों में किसी स्कूल का नाम नहीं होता। किसी हिंदी, गणित या विज्ञान शिक्षक की तस्वीर नहीं होती, जिन्होंने छात्रों को अपनी सीमित तनख्वाह, खस्ताहाल स्कूल और प्रशासनिक दबावों के बीच तैयार किया।

यहां एक और विडंबना है - जिस छात्र कोचिंग सेंटर में जाकर सफल हुआ, वह खुद एक स्कूल से आया था। उसने कभी कक्षा में बोर होकर या मस्ती करते हुए भी सीखा था। उसके व्यक्तित्व में स्कूल की प्रार्थना, शिक्षक का डांटना, लाइब्रेरी का सन्नाटा और प्रायोगिक कक्षाओं की गंध शामिल होती है। लेकिन सफलता के बाद वह स्कूल के बजाय कोचिंग की ब्रांडिंग करता है।

यह ट्रेंड केवल समाज की विस्मृति को नहीं दर्शाता, यह हमारी प्राथमिकताओं की गिरावट भी दिखाता है। मूल शिक्षक केवल क्लासरूम तक सीमित कर दिए गए हैं। उनके नाम पर ना कोई स्कॉलरशिप होती है, ना कोई क्रेडिट सिस्टम। वे दिनभर बोर्ड परीक्षा की कॉपियाँ जांचते हैं, चुनाव ड्यूटी निभाते हैं, मिड-डे मील के अंडे गिनते हैं और फिर भी समय निकालकर छात्रों को समझाते हैं - ÷कृपया अपने नाम के आगे ढ्ढस् लगाओ तो एक बार स्कूल ज़रूर आना! कुछ शिक्षक तो इतने सरल और समर्पित होते हैं कि वे अपने छात्रों की सफलता पर गर्व तो करते हैं, लेकिन उसके सोशल मीडिया पोस्ट में अपना नाम न देखकर भी चुप रहते हैं। वे अपनी भूमिका को ईश्वर के कार्य जैसा मानते हैं - बिना श्रेय की अपेक्षा के, केवल समाजनिर्माण की भावना से।यह चुप्पी अब तोड़नी होगी। हमें एक नया सामाजिक अभियान चलाने की आवश्यकता है, जहाँ हर चयनित छात्र अपने स्कूल और वहाँ के शिक्षकों का नाम खुले मंच पर ले। प्रशासन को ऐसे नियम बनाने चाहिए जहाँ छात्रों की सफलता के साथ-साथ विद्यालय और कॉलेज का भी नाम दर्ज किया जाए। मीडिया को भी अपनी रिपोर्टिंग में कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ उस छात्र के मूल शैक्षिक संस्थान की जानकारी देनी चाहिए। कोचिंग संस्थानों को भी नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वे अपने प्रचार में उस छात्र की संपूर्ण शैक्षिक यात्रा को स्थान दें - केवल अंतिम दो वर्षों को नहीं। यदि हम ऐसा नहीं करेंगे, तो एक दिन आएगा जब हमारे विद्यालय केवल नाममात्र के रह जाएँगे, और शिक्षा केवल एक महंगी सेवा बनकर रह जाएगी।

सच्चा शिक्षक वही होता है जो दीपक की तरह जलता है, ताकि सामने बैठा छात्र उजाले में देख सके। लेकिन दीपक को भी यदि निरंतर नजरअंदाज़ किया जाए, तो अंधकार स्थायी हो सकता है।

यह लेख उन्हीं शिक्षकों को समर्पित है - जो ब्रांड नहीं हैं, लेकिन ब्रह्मा की भूमिका निभाते हैं।

जो कोचिंग सेंटर नहीं चलाते, लेकिन व्यक्तित्व गढ़ते हैं।

जिनके नाम आज नहीं गूंजते, लेकिन जिनका असर पीढ़ियों तक रहता है।

अब समय आ गया है कि हम शिक्षा की गहराई में उतरें और उसके असली स्थापत्यकारों को पहचानें।

मंजिल की ओर..

दिन रात वह परिश्रम कर ही रही थी द्य जब भी वह लिखने बैठती तो उसे सुनने को यही मिलता..अब बस कर कितना लिखेगी? यह नींव तो कॉलेज से ही पड़ गई थी जब उसने लघु नाटक लिखा था, बस वह अपने लिखने के ढंग को समझ ही ना पाई थी पतिदेव अच्छी खासी कमाई करते थे पर धीरे-धीरे वो भी कम हो गई और फ़िर काम धंधा बैठ गया अब उसने नाम अनुरूप कल्पना ने अपने भावों को रचना के माध्यम से जोड़ना शुरू किया द्य आगे बढ़ने लगी घर परिवार को संभाल लिया बच्चों को आगे बढ़ाने के प्रयास में लग गई जब बिगड़ते हालात और परिवेश देखा तो खुद के लिए समय संजोने लगी किसी को बोलना छोड़ दिया और करीब घर संभालते 8 वर्ष से ज्यादा बीत गए होंगे बच्चे ही कल्पना ही शक्ति थे बस अब सोच लिया चाहे कुछ भी हो, कोई भी टोके , अब वह रुकेगी नहीं.... पीछे मुड़ेगी नहीं यह उसकी मंजिल नहीं है बच्चों को पैरों पर खड़ा करके, जीवन में खूब कलम का धन कमाएगी यही उसकी सच्ची भूख है पतिदेव को मस्त रहने देगी और अब खर्चे की बात भी नहीं करेगी, जितना होगा खुद करेगी धीरे-धीरे उसने अपने आप को संस्था के साथ जोड़ दिया, बच्चों के लिए रात दिन मेहनत करती रही द्य पति से जब उम्मीद ही नहीं थी कुछ तो उसने उनसे कहने ना कहने का सिलसिला ही बंद कर दिया सोचती मैं व्यर्थ ही इन घर की परिस्थितियों में अपने आप को समेटे हुई थी, तो आज वह स्वतंत्र रूप से अपना काम कर रही थी और आगे बढ़ चुकी थी धीरे-धीरे उसने अपना पब्लिकेशन शुरू किया और लिखने के कार्य को और बढ़ाया और काफी लोगों को अपने साथ जोड़ दिया द्य अब जबकि उसे किसी से उम्मीद ही नहीं थी तो वह क्यों कर ही किसी का इंतजार किसी की प्रतीक्षा करती?? वह जिंदगी में आगे बढ़ चुकी थी और पीछे मुड़ना उसके लिए असंभव हो चुका था बच्चों ने भी उसका काफी साथ दिया और जिस कार्य के लिए उसे सुनना पड़ता था कि लिखती रहती है..लिखती रहती है द्य आज उसी ने उसे जीवन में ऊंचा उठा दिया था द्य इस क्षेत्र में उसने अपनी एक ऊंची पहचान बना ली थी लोग उसे उसके नाम और उसके पब्लिकेशन से जानने लगे थे पति को समय-समय पर उसकी आवश्यकता के अनुसार कुछ ना कुछ देती रहती थी पर अब उसने किसी से उम्मीद छोड़ दी थी इसलिए जीवन में अपने कार्य के प्रति समर्पण हो चुकी थी और अब वह सोचने लगी थी शायद मेरी मंजिल यही थी.. मैं कहाँ भटक रही थी तो चलो अपनी मंजिल की ओर बढ़ चलो..

चल रे मन मंजिल की ओर..

वंदना घनश्याला की कलम से

लघुकथा...चमत्कार

सेठ महावीर प्रसाद जी की कपड़े की दुकान सड़क के इस तरफ थी और चाय की स्टाल सड़क के उस तरफ, सड़क के बीचोबीच एक डिवाइडर था यदि सड़क के उस तरफ से इस तरफ आना है तो थोड़ा आगे चलकर जहाँ कट था वहीं से आ पाते थे वैसे दिखने में आमने सामने थी चाय की स्टाल और सेठ जी की कपड़े की दुकान। शाम को जब सेठ जी दुकान बंद कर घर जाते तो चाय की दुकान पर कुछ देर बैठते ..बातें करते और चाय पीते थे।आज सेठ जी ने दुकान खोली कुछ देर ही बैठ पाये थे कि दुकान के सामने एक लक्जरी कार रुकी, कार से दो साधू उतरे...मलंग, बड़ी लम्बी दाढ़ी, लम्बी लम्बी जटायें, बहुत आकर्षक चेहरे, माथे पर तिलक, गले में बड़ी बड़ी रुद्राक्ष की मालायें...

सेठ जी ने गद्दी से उठकर प्रणाम किया...

आयुष्मान भव...

क्या हालचाल हैं महावीर सेठ....

सेठ जी अपने नाम को सुनकर भौचक्के रह गए...

महाराज जी मैंने पहचाना नहीं...

क्या करेगा बच्चा पहचान कर...

हम तो रमते जोगी हैं...

हमें लोभ है न लालच है न डर है,

सारी धरती हमारी है

जहाँ ठहर गये वहीं हमारा घर है ।

ले बच्चा इस ताबीज को अपने बड़े बेटे रमेश के बच्चे बबलू को पहना देना उसकी तबियत जल्दी ही ठीक हो जायेगी ।

अब तो सेठ जी ने पैर पकड़ लिए महाराज जी के...

महाराज आप तो अंतरयामी हो सब जानते हो....

तेरा बेटा मास्टर है उसका ट्रांसफर रुक नहीं पा रहा है... ले इस भभूति की पुड़िया उसकी जेब में रख देना जहाँ चाहेगा वहीं नौकरी करेगा ।

सेठ जी ने पैर छूकर भभूति की पुड़िया ले ली ।

दोनों साधू उठकर जाने लगे तो सेठ जी ने चाय पानी की जिद की...

चल जल्दी मंगवाकर चाय पिला ध्यान रखना चाय स्टील के गिलास में हो...

जी महाराज जी.....

जैसे ही चाय आई महाराज जी ने आंखों को बंद करके ऊपर की ओर हाथ घुमाया तो उनके हाथ में एक ताबीज और आ गई....

सभी आश्चर्य चकित देखते रह गये....

महाराज जी ने आंखें खोलते हुए कहा... अरुण के नाम की ताबीज आई है...

कौन है अरुण...?

कौन है अरुण...?

सेठ जी तो अब बिलकुल पानी पानी हो गये.. हाथ जोड़कर बोले महाराज जी मेरा दूसरा बेटा है .. रमेश बड़ा बेटा है महाराज जी....

अरुण जिस कंपनी में जाब है उसका प्रमोशन होने वाला है दो गुणा पैकेज हो जायेगा यह ताबीज उसके पास भेज दे.....

जी महाराज जी.....

तेरे घर में तेरी पत्नी साक्षात लक्ष्मी है लक्ष्मी......

फिर आंखें बंद कर बोले... श. श.श.श.श. शारदा नाम है....

जय हो महाराज की... अब तक सेठ जी महाराज के भक्त बन चुके थे...

बस बच्चा अब हम प्रस्थान करेंगे।

जैसे ही साधु उठे तो सेठ हाथ जोड़ कर बोले ... महाराज जी कुछ दक्षिणा.....

नहीं नहीं बच्चा हम दक्षिणा नहीं लेते...

सेठ जी गिड़गड़ाने लगे....

चल महाकाल पर ज्योति जलायेंगे तेरे नाम की... एक कनस्तर देशी घी दे.....

सेठ जी बगल की दुकान पर घी लेने जाने लगे तो महाराज जी ने रोक दिया...

अरे बच्चा घी तो हम वहीं खरीद लेंगे पैसे हमारे चेले को दे दो...

एक कनस्तर घी की रेट मालूम करके ग्यारह हज़ार रुपये देकर अपने आपको धन्य महसूस कर रहे थे सेठ जी.... ।

पूरे दिन बड़े खुश...चलो शाम को घर सुनायेंगे आज के चमत्कार की बातें...

सचमुच धरती पर कितनी शक्तियां भरी पड़ी हैं सोच रहे थे ...सेठ जी बैठे बैठे....

दुकान बंद कर सामने चाय की दुकान पर रुक गये चाय पीने...

बैठते ही सेठ जी आज के चमत्कार की चर्चा करने लगे...

चाय वाले पंडित जी ने बीच में ही टोका... क्या कार से आये थे दो साधू....

सेठ जी बोले... हाँ.. पर तुम्हें कैसे पता...

हमारे यहाँ चाय पीने आये थे...

आपकी दुकान की तरफ इशारा करते हुए हमसे आपका नाम पूछा था...

कितने बच्चे हैं...

बच्चों के नाम पूंछे थे..

कोई नाती है

हमने रमेश के बच्चे का नाम बताया था... तबियत खराब है यह भी बताया था....

पर सेठ जी आप चुप क्यों हो गये...

बताओ.. बताओ...

क्या चमत्कार हुआ सेठ जी...

सचमुच धरती पर बहुत बड़ी बड़ी शक्तियां पड़ी हैं.. कहते हुए सेठ जी ने अपना थैला उठाया और घर की ओर चल दिए ।

सतीश श्रीवास्तव
मुंशी प्रेमचंद कालोनी करैरा

श्रेष्ठ और दृढ़ इच्छाशक्ति सफ़लता की चाबी है

मज़बूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी होती है प्रबल इच्छाशक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है - दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफ़लताएं नतमस्तक होकर कदम चूमती है - एड किशन भावनानी

गोंदिया - सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें अनेक गुण दोषों का संयोजन उसने कर दिया है और उनका चुनाव करने के लिए श्रेष्ठ बुद्धि कौशलता रुपी एक सशक्त अस्त्र भी दिया है, बस!! अब अपने जीवन चक्र को सफलताओं या असफलताओं की ओर ले जाना मानवीय जीव के हाथ में है।

साथियों बात अगर हम माननीय जीवन ने गुणों की करें तो उनके गुणों में से एक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण गुण है जो सफलता की चाबी भी है! परंतु न जाने क्यों हम इसको अनदेखा कर देते हैं और हम असफल हो जाते हैं और उसका दोष किस्मत या सृष्टि रचनाकर्ता को देते हैं जबकि उसनें मनुष्य जीव में गुणों का अंबार भरा है!! बस!!जरूरत है हमें अपने बुद्धि कौशलता से उसे पहचान कर प्रयोग करने की! तो सफलता आकर हमारे कदम चूमेगी। साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति की करें तो यह सफ़लता की चाबी है। मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी हो जाती है, क्योंकि प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है जिसके बल पर हम बड़ी से बड़ी पहाड़ तुल्य समस्याओं से भी यूं मुकाबला कर फ़तह हासिल कर सकते हैं। साथियों हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही आपको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति की परिभाषा की करें तो, इच्छाशक्ति वह वृत्ति चक्र है जिसके अंतर्गत प्रत्यय, अनुभूति, इच्छा, गति या प्रवृत्ति, शरीर धर्म सबका योग रहता है। जो संकल्प को साकार करने का माध्यम बनती है वह इच्छाशक्ति कहलाती है। ऐसी बलवती इच्छा को जिसकी ज्योति अहर्निश कभी मंद न हो, उसे दृढ़ इच्छाशक्ति कहते हैं। हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही हमको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति के टाइमिंग की करें तो, जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए मेहनत से पहले मजबूत इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। जैसे, कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति शुरुआत में किसी चीज को पाना चाहता है लेकिन धीरे-धीरे उसका हौंसला टूटने लगता है या उसका मन बदल जाता है, ऐसा कमजोर इच्छाशक्ति के कारण होता है इसलिए किसी भी चीज को पाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना बहुत

जरूरी है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, ऐसी बातें जिनपर अमल करके हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति को मजबूत करने की करें तो, अपने काम पर दृढ रहें,अपनी इच्छा शक्ति को बहुत ज्यादा मजबूत बनाने के लिए यह भी एक बहुत ही अच्छा तरीका है कि हम अपने काम पर बहुत जबरदस्त तरीके से फोकस करें। यानें हम अपने काम पर दृढ़ रहें। कोई कुछ भी कहे अगर हमने यह मन बना लिया है कि हमको ये काम करना है तो हमको ये काम करना ही करना है। हमको किसी और बातों पर ध्यान नहीं देना है। अगर हम अपने काम पर दृढ रहेंगे तो हमारा दिमाग यह बात समझ लेगा कि यह चीज हमारे जीवन में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए हम इस काम को बहुत ही दिल से मन लगा कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर कर रहे हैं। साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति के लिए लक्ष्यों की करें तो, हम अपना लक्ष्य निश्चित करें अगर हमको हमारे जीवन में सफलता चाहिए तो यह हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि सबसे पहले हम हमारे जीवन में अपने लक्ष्य को निश्चित करें। तब ही हम किसी चीज को अपने जीवन में फॉलो कर पाओगे। नहीं तो ऐसे हम अपने जीवन में किस चीज को फॉलो करोगे, किस चीज के लिए हम विल पावर बढ़ाएंगे, तो सबसे पहले हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन में लक्ष्य को निर्धारित करें। एक बार हम अपने जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लेंगे उसके बाद हमारा दिमाग लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने लगेगा। बस हम अपने लक्ष्य पर दृढ़ रहें। साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को जगाने की करें तो, निम्न बिंदुओं पर अभ्यास कर इच्छाशक्ति को जाग्रत किया जा सकता है। इच्छाशक्ति को मजबूत बनाने के लिए शुरुआत करने के लिए सबसे पहले हमें तनाव के स्?तर का प्रबंधन करने की जरूरत होती है। (1)सकारात्मक नजरिया (2)तनाव प्रबंधन करना सीखें (3) खुद पर पूरा विश्वास रखें (4)बेहतर ऊर्जा प्रबंधन करें (5) अं?तर्शक्तियों को कें?द्रीभूत करें (6) स्वयं के प्रति ईमानदार बनें (7) सही पोषण, योग और व्यायाम।

साथिया बात अगर हम इच्छा शक्ति के टॉनिक की करें तो, जैसे हैं वैसे ही बने रहें दिखावा बिल्कुल भी मत करें हम जैसे भी हो वैसे ही बने रहें। किसी भी प्रकार का कोई शो ऑफ करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर हम कोई एक चीज जैसे हो वैसे ही प्राप्त करते हो तो वह चीजें हमको जिंदगी भर तक हमारे साथ रहती है और हमको अच्छा रिजल्ट भी मिलता है। दरअसल यह चीज हम अपने वास्तविक परिश्रम से हासिल किए रहते हो इसलिए वह जिंदगी भर हमारे साथ रहती है और यह हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। ना केवल हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति के रोडमैप की करें तो, पेपर पर अपने लक्ष्य को लिखें इसके लिए हमको थोड़ी दिमागी कसरत भी करनी पड़ेगी। बेहतर होगा कि हम अपना लक्ष्य पेपर पर लिखकर उससे जुड़ी चुनौतियां भी लिख लें, इससे हमको उन चुनौतियों से कैसे लड़ना है, यह भी अंदाजा हो जाएगा। आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति

जीवन में कई बार ऐसे मौके आएंगे, जब हमारा विश्वास डगमगाने लग जाएगा और हमको लगेगा कि हमारा लक्ष्य व्यर्थ है, लेकिन उस वक्त हमको इन नकरात्मकताओं से दूर रहकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना है।

साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को चिंता से दूर करने की करें तो...चिंता ना करें, चिंतन करें- किसी भी बात की चिंता मत करें। बल्कि उसके बारे में चिंतन करें कि इसका समाधान क्या हो सकता है। इससे एक तो हमारी मानसिक शक्ति बढ़ेगी और दूसरा हमारी समस्याओं का समाधान भी होगा। यह एक ऐसा अभ्यास है, इससे धीरे-धीरे हम इतने मजबूत हो जाएंगे कि हमको हर मुश्किल एक अवसर लगेगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि श्रेष्ठ और दृढ़ इच्छाशक्ति सफलता की चाबी है! मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी होती है। प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है-दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफलताएं नतमस्तक होकर कदम चूमती है।- **एड किशन भावनानी**

ब्रीफ न्यूज़

22 व्यक्तिगत आईडी से बना रहा था टिकट

भोपाल। रेलवे सुरक्षा बल ने टिकट कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए ई-टिकटों के अवैध कारोबार का खुलासा किया है। भोपाल मंडल में की गई इस कार्यवाही में 1 लाख 62 हजार रुपए के 75 ई-टिकट जब्त किए गए हैं। 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिससे वह टिकट तैयार करता था। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह कार्यवाही मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में की गई है। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपी शाहबाज खान, निवासी नेहरू नगर सिकंदरी सराय भोपाल ने 22 अलग-अलग व्यक्तिगत यूजर आईडी के जरिए ये टिकट बुक किए थे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि साइबर सेल भोपाल से मिले इनपुट के आधार पर आरपीएफ उपनिरीक्षक प्रकाश रघुवंशी और उनकी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जब्त टिकटों की कीमत 1,62,501 आंकी गई है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बना विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद

भोपाल। प्रदेश के टाइगर रिजर्व में देशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। 5 वर्षों में टाइगर रिजर्व की लगभग 61 करोड़ 22 लाख की आय प्राप्त हुई। उमरिया जिले का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पर्यटकों की पहली पसंद बना है। इस टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की संख्या में हर साल वृद्धि हो रही है। वर्ष 2020-21 में यहां भारतीय पर्यटकों की संख्या एक लाख 20 हजार 800 थी। वर्ष 2021-22 में एक लाख 69 हजार 738, वर्ष 2022-23 में एक लाख 64 हजार 559, वर्ष 2023-24 में एक लाख 23 हजार 32 और वर्ष 2024-25 में माह मई तक एक लाख 60 हजार 500 रही। साथ ही विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। बांधवगढ़ में 5 वर्ष में भारतीय पर्यटकों की संख्या 7 लाख 38 हजार 637 और विदेशी पर्यटकों की संख्या 85 हजार 742 रही।

महाराष्ट्र की किशोरी ने जबलपुर में तोड़ा दम

जबलपुर। महाराष्ट्र के पुणे में रहने वाले युवक ने पहले तो वहीं की रहने वाली नाबालिग किशोरी को अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर शादी का झांसा देकर उसे ट्रेन से उत्तर प्रदेश चलने को कहा। किशोरी युवक की बातों में आ गई। दोनों ट्रेन में बैठकर नागपुर पहुंचे। जहां युवक ने किशोरी को स्लीपर कोच में बैठाया, दवाई दी और फिर उसे छोड़कर भाग गया। 13 जून को किशोरी गंभीर हालत में आरपीएफ को नागपुर-शहडोल ट्रेन में सफर करते हुए मिली। आरपीएफ ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां किशोरी की नाजुक हालत देख उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मंगलवार रात किशोरी ने दम तोड़ दिया। पूछताछ में किशोरी ने बताया था कि वह महाराष्ट्र (पुणे) की रहने वाली है। पड़ोस में ही रहने वाले करण सिंह के साथ 26 मई को घर से निकली थी। बुधवार सुबह किशोरी की मौसी जबलपुर पहुंची, जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बीते दो दिन से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज में भर्ती किशोरी ने आरपीएफ को पूछताछ में बताया कि वह पुणे शहर की रहने वाली है। घर में माता-पिता और भाई है।

इंदौर से गाजियाबाद के लिए सीधी फ्लाइट शुरू होगी

इंदौर। इंदौर से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट के लिए 20 जुलाई से सीधी फ्लाइट शुरू होने जा रही है। इसका संचालन इंडिगो एयरलाइंस करेंगी। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और उड़ान के संचालन की पूरी तैयारी कर ली गई है। ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादोन ने बताया कि यह इंदौर से गाजियाबाद के लिए पहली सीधी उड़ान होगी। इसके शुरू होने से इंदौर का उत्तर प्रदेश के दो शहरों से हवाई संपर्क स्थापित हो जाएगा। हेमेंद्र सिंह जादोन ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। इस पर लोड कम करने के लिए नोएडा में जेवर एयरपोर्ट विकसित किया जा रहा है और साथ ही हिंडन एयरपोर्ट से भी नई उड़ानों का संचालन शुरू किया जा रहा है। हिंडन एयरपोर्ट, दिल्ली से मात्र 20 किमी और नोएडा से करीब 30 किमी दूर स्थित है। ऐसे में यह उड़ान दिल्ली-एनसीआर के यात्रियों को एक नया और सुविधाजनक विकल्प प्रदान करेगी।

सिकल सेल उन्मूलन, सबके विश्वास, साथ और प्रयास से होगा : राज्यपाल श्री पटेल

विवाह के लिये कुंडली के साथ वर-वधु का सिकल सेल जेनेटिक कार्ड भी मिलाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

नगर संवाददाता

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल के संपूर्ण उन्मूलन के लिए हम सबकी सक्रिय सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से ही रोग का उन्मूलन होगा। राज्यपाल श्री पटेल विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर बड़वानी में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर से वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का प्रदेश की जनता के नाम संदेश और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर आधारित अभिनंदन-पत्र का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा वाचन किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनजाति जीवन के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए समर्पित और संवेदनशील व्यक्तित्व है। उनके नेतृत्व में भारत में जनजाति कल्याण का स्वर्ण युग चल रहा है। सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों के लिए राज्य सरकार की पूरी टीम को बधाई दी।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए जागरूकता सर्वाधिक आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विवाह के पूर्व युवक-युवती अपने जेनेटिक कार्ड का मिलान ज़रूर करें। इसी प्रकार गर्भावस्था में माँ और बच्चे की सिकल सेल जाँच और जन्म के 72 घंटों में नवजात की जाँच किया जाना ज़रूरी है। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल से पीड़ित रोगी और वाहकों से भी अपील की है कि वे नियमित व्यायाम,

पौष्टिक आहार और चिकित्सक की सलाह अनुसार दवाइयाँ लें। उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि सिकल सेल प्रभावित बच्चों के साथ आत्मीय व्यवहार करें। उन्हें सिकल सेल को समझने, लड़ने और हराने में संबल प्रदान करें। राज्यपाल श्री पटेल ने स्वयं जनजातीय समुदाय से आने की बात कहते हुए समुदाय के प्रतिनिधियों से अपील की कि जनजाति क्षेत्रों में सिकल सेल के जनजागरण प्रयासों में सतत, सक्रिय और संवेदनशीलता के साथ सहयोग करें। उन्होंने मीडिया से भी अपील की कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार में सहयोगी बने। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल की जागरूकता और रोकथाम प्रयासों को शैक्षणिक संस्थानों की विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ पाठ्यक्रमों में भी शामिल करने के लिये कहा। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई करने वाले जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों से अपील की कि वे सिकल सेल रोग उन्मूलन के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करें। इस बीमारी पर शोध करें। अपने ग्रामीण अंचलों में जागरूकता प्रयासों में सहभागी बने। अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग अपने समुदाय के कल्याण और विकास में करें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे समाज में शादी से पहले कुंडली मिलान की परंपरा है। अब समय आ गया है कि कुंडली के साथ हम वर-वधु का %सिकल सेल जेनेटिक कार्ड% भी मिलाएं। इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चल जाए इसे नियंत्रण में रखने और रोगी को स्वस्थ रखने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। प्रदेश का जनजातीय समाज बड़ी संख्या में इस बीमारी से प्रभावित है। सिकल सेल हमारे लिए केवल एक स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। वर्ष 2047 तक सिकल सेल को जड़ से मिटाने का लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में ÷राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047÷ प्रारंभ किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन, परामर्श और जन-जागरूकता, इन चारों महत्वपूर्ण स्तरों पर प्रदेश में समन्वित रूप से कार्य किया जा रह है।

सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलूंगा : राजवीर राजावत

भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता बड़े से बड़े पद पर आसीन हो सकता है : श्रवण कुमार वर्मा

धौलपुर (शकील खान)

बॉडी में पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा के निवास पर अध्यक्ष राजवीर राजावत का हुआ भव्य स्वागत स्वागत में जिले के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे स्वागत के दौरान राजावत ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष जैसे बड़े पद पर मनोनीत कर विश्वास जताया है जिस प्रकार प्रदेश नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास जताया है मैं उनके विश्वास पर खराब करने का पूरा प्रयास करूंगा हर वर्ग हर समाज हर धर्म का पूरा सम्मान करुंगा और सभी को साथ लेकर चलूंगा पूर्व जिला अध्यक्ष सरवन कुमार वर्मा ने कहा कि राजवीर राजावत एक किसान के बेटे हैं सामान्य परिवार से आते हैं यही बीजेपी की खासियत है सामान्य कार्यकर्ता कभी भी बड़े पर आसीन हो सकता है मुझे पूरा विश्वास है कि राजवीर राजाबत सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे इस अवसर पर पूर्व विधायक सुखराम कोली, जिला महामंत्री अनिल गोयल, पूर्व जिला प्रमुख दुर्ग सिंह अड़ना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष धौलपुर राजीव रस्तोगी भरतपुर संभाग सह मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, पूर्व मंत्री नंदकिशोर शुक्ला, पूर्व जिला मंत्री विनय परमार, पूर्व जिला मंत्री रामप्रसाद बघेल, मंडल अध्यक्ष बाड़ी वंदना शिवहरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाड़ी दिनेश मामा, नाजिया खान, नेता नगर परिषद प्रत्यक्ष कुक्कू शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हेम सिंह लोधा, अजय राठौर, विशाल यादव, राम त्रिवेदी, मुरैना मंडल अध्यक्ष रामकिशोर, डॉ मनोज शर्मा, जितेंद्र तिवारी, राम किशोर शर्मा पंकज शर्मा रविंद्र इतवारी राजू शर्मा आनंद शर्मा ओमकार कटरा राजवीर रस्तोगी हेम सिंह लोध।, भैरव सिंह सतपाल गुर्जर महेंद्र कोहली भानु प्रताप बनवारी गुर्जर गोपाल कोली रणबीर दंडोतिया फैजल खान मुस्ताक कुरेशी मनोज कोहली, धनंजय शर्मा रामकुमार कुशवाहा ,नरेश यादव, प्रदीप भारद्वाज सतीश प्रजापति नितिन शर्मा डॉक्टर जितेंद्र शर्मा आशीष शर्मा,, राम त्रिवेदी, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

दुकानदार ने कहा-गेहूं खत्म, स्टॉक में 56 क्विंटल रखा मिला

नगर संवाददाता

भोपाल। भोपाल में गुरुवार को एक राशन दुकान में दबिश देने पहुंची खाद्य विभाग की टीम को अजीब स्थिति नजर आई। दुकानदार ने बताया कि गेहूं उपलब्ध नहीं है। इसलिए वितरण नहीं किया जा रहा, जबकि जब स्टॉक जांचा तो 112 कट्?टी में 56 क्विंटल गेहूं रखा मिला। वार्ड-44 स्थित ओल्ड सुभाष नगर की राजेंद्र प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार की शासकीय उचित मूल्य दुकान में यह मामला सामने आया। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया, जांच दौरान विक्रेता ने जानकारी दी कि दुकान में गेहूं उपलब्ध नहीं होने के कारण वितरण नहीं किया जा रहा है, लेकिन जांच के दौरान मशीन में गेहूं 5632 किलो प्रदर्शित पाया गया। वहीं, दुकान में 112 कट्टी बोरी में 56 क्विंटल भंडारित पाया गया। जिस समय टीम जांच के लिए राशन दुकान पर पहुंची, तब कई ग्राहक गेहूं लेने पहुंचे थे। खाद्य विभाग की टीम ने उन सभी से भी बात की और बयान दर्ज किए।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित 10वीं परीक्षा परिणाम में एक बार पुनः गिरिराज विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मे 10वीं के विद्यार्थियों ने फिर से परचम लहराया

धौलपुर !(शकील खान)

गिरिराज विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मे 10वीं के विद्यार्थियों ने फिर से परचम लहराया तथा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक ने विद्यालय में टॉपर रहे छात्र अभिभावकों को बधाई दी विद्यालय में नैतिक कुशवाहा 93त्न हिमांशु शर्मा 91त्न रोहित मीणा 90त्न देवेंद्र शर्मा 84त्न प्रशांत फौजदार 82त्न शिवेंद्र कुमार राजपूत 82त्न कल्पना मीणा 81त्न खुशी शर्मा 80त्न मोहित मीणा 80त्न अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य रूपेंद्र सिंह फौजदार ने इसका श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक डॉक्टर निसार खान उस्मानी, शकील खान, सलीम खान, राजेश शर्मा , बनवारी लाल दुबे, महेश कुमार राजपूत,उर्दू अध्यापक इमरान फारुकी, संजय कुमार, दिगपाल सिंह चौधरी, विजय त्यागी वीरेंद्र जाट संजय कुमार ,अनीता देवी, ललिता देवी, लोग मौजूद थे

भोपाल में एक्सीडेंट में छात्रा की मौत

नगर संवाददाता

भोपाल। भोपाल के आईटी पार्क के पास न्यू जेल रोड पर अज्ञात वाहन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवती की मौत हो गई। जबकि दो पहिया वाहन चला रहा उसका साथी घायल है। गांधी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। रोशेल पिता सोलोमन (23) निवासी मिनाल रेसीडेंसी मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली थी। रायसेन रोड के एक प्राइवेट कॉलेज से बी.टैक ग्रेजुएशन करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात परवलिया सड़क स्थित एक ढाबे पर कॉफी पीने के लिए नकली थी। गुरुवार तड़के 3.30 बजे दोस्त के साथ लौट रही थी। तभी आईटी पार्क के पास अज्ञात वाहन ने रोशेल के वाहन को टक्कर मार दी। इससे इलाज के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई।

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धौलपुर ने केक काटकर और मिठाई बांटकर मनाया कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन

धौलपुर(शकील खान)

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धौलपुर की ओर से कांग्रेस नेता एवं सांसद श्री राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर केक काटा और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के दीर्घायु, स्वस्थ जीवन और उनके नेतृत्व में देश में भाईचारा, समता और न्याय की स्थापना की कामना की। इस अवसर

पर कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को भोजन व मिठाई वितरित कर सेवा भाव भी प्रदर्शित किया। समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धौलपुर शिब्बू सिंह लोधा ने की इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सोशल मीडिया भरतपुर आजाद मिर्जा ने कहा कि आज हम सभी ने मिलकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया और कहा कि राहुल गांधी आज देश में युवाओं, गरीबों, मजदूरों और वंचितों की आवाज बने हुए है हम सब कामना करते हैं कि बे आने वाले समय में देश का नेतृत्व करें और देश में मोहब्बत की दुकान के जरिए तरक्की और भाईचारे को आगे बढ़ाएं इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने राहुल गांधी के विचारों और संघर्ष को प्रेरणा बताते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया।इस दौरान धौलपुर शहर ब्लॉक उपाध्यक्ष लोकेन्द्र कन्डेरा, महासचिव मुन्ना अब्बासी, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग सोशल मीडिया भरतपुर आजाद मिर्जा, नूनहेरा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह दरियापुर, अल्पसंख्यक कांग्रेस धौलपुर सह संयोजक मोहम्मद मुस्तफा, डॉक्टर रविन्द्र मंगल, मेघ सिंह कुशवाह मुरैना, विक्रम सिंह, राजू पहाड़िया, शाहरुख सिद्दीकी, अभिषेक यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जीएडी ने जारी किए पदोन्नति के नए नियम

हर विभाग की प्रमोशन कमेटी में एससी-एसटी वर्ग का अफसर शामिल करना अनिवार्य

नगर संवाददाता

भोपाल। मोहन यादव कैबिनेट द्वारा लोकसेवा पदोन्नति नियम 2025 को मंजूरी देने के 48 घंटे बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने पदोन्नति संबंधी नियम जारी कर दिए हैं। गजट नोटिफिकेशन भी कर दिया गया है। सरकार ने कहा है कि 9 साल से पदोन्नति बंद होने से बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी बगैर पदोन्नत हुए रिटायर हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार की कार्यक्षमता पर विपरीत असर पड़ रहा है और कर्मचारियों का मनोबल भी घट रहा है। इसलिए सरकार ने पदोन्नति के नए नियम बनाए हैं। पदोन्नति नियम बनाए जाने के दौरान आरक्षित वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने और प्रशासनिक दक्षता तथा योग्यता को महत्व दिया गया है। नियमों में कहा गया है कि सीधी भर्ती के पदों में एससी और एसटी वर्ग को 16 प्रतिशत और 20

प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। इसलिए सरकार पदोन्नति में भी इन्हें इसी आधार पर आगे बढ़ने के लिए मौका देने को प्रतिबद्ध है। गजट नोटिफिकेशन के साथ ही सरकार के ये नियम प्रभावी हो गए हैं।

राज्य शासन द्वारा पदोन्नति से भरे जाने वाले हर संवर्ग के पदों को अलग से तय किया जाएगा। इसके लिए समिति द्वारा निर्णय लिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष विभाग के सचिव और विभागाध्यक्ष सचिव होंगे। समिति में उपसचिव या उससे अधिक ऊंचे पद का जीएडी का एक अफसर भी शामिल होगा। इसके साथ ही इन तीनों सदस्यों में से कोई एक सदस्य एससी वर्ग का नहीं होने पर एससी वर्ग का एक सेंकेंड क्लास अधिकारी भी समिति में शामिल किया जाएगा। पहले तीन सदस्यों में से कोई सदस्य एसटी वर्ग का न होने पर सेकेंड क्लास कैटेगरी का एसटी वर्ग का एक अधिकारी भी कमेटी में शामिल होगा। अगर विभागीय समिति द्वारा किसी मामले में अलग निर्णय लिया जाता है तो ऐसे मामले में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनेगी जिसमें विभाग के सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव शामिल होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा बनाए नियमों में कहा गया है कि जो कमेटी बनाई जाएगी वह वर्ष 2024 से 2028 तक की विभागीय पदोन्नति समिति के लिए लागू मानी जाएगी। पांच साल के बाद इस कमेटी को फिर नए सिरे से बदला जा सकेगा। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक हर पदोन्नति के लिए साल में एक बार होगी। 31 दिसम्बर 2025 तक की पदोन्नति रिक्तियों के लिए एक विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक नियम लागू होने के बाद होगी। इसके बाद हर साल विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक सितम्बर से नवम्बर के बीच ही होगी। इसमें 31 दिसम्बर के पहले की स्थिति में रिक्त होने वाले पदोन्नति संबंधी पदों पर विचार किया जाएगा। नियम लागू होने के बाद 31 दिसम्बर 2025 की स्थिति में रिक्त पदों पर पदोन्नति के लिए विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। सितम्बर से नवम्बर के बीच प्रतीक्षा सूची से भी पद नहीं भरने पर 31 दिसम्बर 2026 की प्रत्याशित स्थिति के लिए पदोन्नति समिति की बैठक होगी। वर्ष 2026 में सितम्बर से नवम्बर के बीच पद रिक्त होने पर 31 दिसम्बर 2027 के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के लिए प्रतिनियुक्ति और अन्य कारणों से अगर अधिकारी 31 दिसम्बर की स्थिति में उपलब्ध नहीं हैं तो पद को रिक्त माना जाएगा।

पिता की दवाईयां लेकर आ रहे बेटे की मौत भोपाल में बाइक सवार ने मारी टक्कर

नगर संवाददाता

भोपाल। भोपाल के लालघाटी पर बुलेट की टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वह बीमार पिता की दवाइयां लेकर हॉस्पिटल की ओर जा रहा था। मृतक युवक की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारने वाली बुलेट को पुलिस ने जब्त कर लिया है। बुलेट सवार दो युवक भी घायल हुए हैं। हादसा बुधवार की शाम का है। गुरुवार की सुबह एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान सुरेंद्र रजक (26) के रूप में हुई। वह मालीपुरा पीरगेट का रहने वाला था और एक ज्वैलरी शाप में काम करता था। दो महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। उसके पिता कंछेदी रजक की तबीयत खराब है और वे मालीपुरा चिरायु अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें हार्ट संबंधी इंजेक्शन की जरूरत थी। स्टॉफ द्वारा सुरेंद्र को बताया कि यह इंजेक्शन अस्पताल में नहीं है। भैंसाखेड़ी स्थित चिरायु अस्पताल में ही यह इंजेक्शन मिलेगा।

सिंधिया ने दंदरौआ धाम की विशेषताएं बताईं, केन्द्रीय मंत्री गड़करी बोले-वहां जाऊंगा

दिल्ली में सिक्स लेन की मांग करने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल के साथ पहुंचे थे रामदास महाराज

नगर संवाददाता

भिण्ड। ग्वालियर से भिंड होते हुए इटावा के चंबल पुल तक एनएच-719 के चौड़ीकरण की मांग लंबे समय से चल रही है। विगत दिवस इस संबंध में जिले के संतों का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मिला। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और स्थानीय सांसद संध्या राय भी रहीं। सिंधिया ने गड़करी को बताया कि यह हाइवे टू लेन है। इस कारण आए दिन दुर्घटना हो रही हैं। इसलिए इसे फोरलेन किया जाए। गडकरी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द इसके लिए भू-अर्जन शुरू किया जाए। जितनी जल्दी भू-अर्जन की कार्रवाई होगी, उतनी जल्दी सड़क का निर्माण कार्य चालू होगा।मालूम हो कि इस हाइवे पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। करीब तीन माह पहले संत समाज ने खंडा रोड पर अखंड आंदोलन शुरू किया। हालांकि आंदोलन के पहले ही मंत्री गड़करी ने हाइवे को स्वीकृत करने की घोषणा की। यह आंदोलन जिले के जनप्रतिनिधियों ने स्थगित कराया। इससे पहले संतों के एक प्रतिनिधि मंडल ने ग्वालियर में केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात कर उन्हें भी परेशानी से अवगत कराया था। इसके बाद मंगलवार को दोपहर एक बजे दिल्ली में केंद्रीय मंत्री गड़करी ने मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में दंदरौआ धाम के महंत रामदास जी महाराज, रामभूषणदास महाराज खनेता, जिला अध्यक्ष कालीदास महाराज, शिवप्रताप महाराज त्रिमूर्ति धाम ऊमरी, राघवपुरी महाराज मिहोनी, अवधेशदास महाराज इंदुखीधाम, रामेश्वरदास महाराज जरपुरा, रामधुनदास महाराज ग्वालियर शामिल रहे। इस मुलाकात के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया और इसमें भाजपा नेता डॉ. रमेश दुबे भी मौजूद रहे।सांसद ने कहा कि गड़करी जी ने जो पहले कहा था, वही भरोसा अब दिया। दंदरौआधाम के महंत रामदास जी महाराज ने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया संतों के परम भक्त हैं। मंत्री गड़करी जी यहां पहुंचे, सभी संतों को उन्होंने विशेष सम्मान दिया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एवं केंद्रीय मंत्री गड़करी ने संतों की आज्ञा का पालन किया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा महंत रामदास जी महाराज का परिचय केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से कराते हुए कहा कि भिण्ड जिले का दंदरौआ धाम एक अनोखा धाम है। इनका क्षेत्र में बहुत प्रभाव है, उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को दंदरौआ धाम पहुंचकर डॉक्टर हनुमान के दर्शन करने का अनुरोध किया, जिस पर केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने धाम में आने का आश्वासन दिया। उन्होंने संतों की मुलाकात के बाद मंत्री के कार्यालय ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को इस सड़क के निर्माण की कार्रवाई में तेजी लाने के लिए मौखिक तौर पर बोल दिया है।

मेहगांव में मोबाइल टावर पर लटका मिला युवक का शव

- दिल्ली के लिए निकला था युवक, पिता बोले- बेटे की हत्या की गई

नगर संवाददाता

भिण्ड। जिले के मेहगांव कस्बे में बुधवार की रात एक युवक का शव मोबाइल टावर पर फंदे से लटका मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के पिता का आरोप है कि उसने आत्म हत्या नहीं की, बल्कि उसकी हत्या की गई है।जानकारी के अनुसर चंदनपुरा के मिश्रनपुरा का रहने वाला 19 वर्षीय सचिन उर्फ छोटू जाटव ने बुधवार की शाम को अपने पिता से कहा कि वह दिल्ली मजदूरी के लिए बस पकडने जा रहा है। लेकिन वह मेहगांव पहुंच गया। रात करीब पौने 12 बजे उसका शव जेल रोड स्थित मोबाइल टावर पर 10 फीट की ऊंचाई पर मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गई। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।वहीं पीएम हाउस में मृतक के पिता बृषभान जाटव ने आरोप लगाया कि बुधवार रात 11 बजे रिश्तेदार अंकित का फोन आया था। उसने धमकी देते हुए कहा था कि 10 मिनट में मेहगांव आ सकते हो तो आ जाओ। वहीं परिजनों ने बताया कि जब वे साढ़े 11 बजे पहुंचे तो छोटू नहीं मिला। बाद में पता चला कि उसका शव टावर पर लटका है। परिजनों का यह भी कहना है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं और उसका मोबाइल शव से 15 फीट दूर पड़ा मिला। परिजनों ने बताया कि मेहगांव में रिश्तेदार के एक लड़के से छोटू का पुराना विवाद चल रहा था। दोनों पहले साथ में काम करते थे।प्रेम प्रसंग का मामलापुलिस के अनुसार मृतक का अपने भाई की ससुराल में एक लड़की से प्रेम प्रसंग था। बुधवार शाम वह शराब के नशे में मेहगांव में रिश्तेदार के घर पहुंचा था। वहां विवाद हुआ। इसके बाद युवक वहां से निकल गया और देर रात उसका शव टावर पर मिला।

दूसरे को बैठालकर दिलाई परीक्षा, फर्जी तरीके से बन गया आरक्षक

-कागजात सत्यापन में हुआ खुलासा, दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

नगर संवाददाता

भिण्ड। आरक्षक भर्ती परीक्षा में मुरैना के एक युवक ने सॉल्वर की मदद से परीक्षा पास की थी। फिजिकल खुद दिया। जब वह नौकरी के लिए आया तो डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन में मामला पकड़ में आ गया। दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।जिले में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। 17वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल में चयनित एक युवक ने परीक्षा में अपने स्थान पर सॉल्वर को बिठाकर पेपर दिलवाया था। आधार कार्ड में बायोमेट्रिक बदलवाकर पूरी चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। दो मई 2025 को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जांच के दौरान यह फर्जीबाड़ा सामने आया। जब आरोपी विष्णु पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम लभनपुरा थाना नूराबाद जिला मुरैना, 17वीं वाहिनी कार्यालय पहुंचा, तो स्टेनो ने आधार का रिकॉर्ड चेक किया। बार-बार बायोमेट्रिक बदलाव के तथ्य सामने आए।जांच में पता चला कि 13 अगस्त 2023 को हुई भर्ती परीक्षा में विष्णु के स्थान पर बिहार के गया जिले का अमरेन्द्र कुमार उर्फ बाहुबली नामक युवक ने परीक्षा दी थी। अमरेन्द्र को पैसे देकर यह काम कराया गया था। इसके बाद विष्णु ने खुद फिजिकल परीक्षा पास की और चयन हो गया। कोतवाली पुलिस ने सूबेदार मेजर मेवालाल दौहरे की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने विष्णु और अमरेन्द्र के खिलाफ धारा 318(4), 338, 336(3), 340(1), 340(2), 319(2) बीएनएस व 3/4 परीक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई बृजेंद्र सेंगर ने बताया कि अमरेन्द्र कुमार को हाल ही में अलीराजपुर पुलिस ने एक अन्य फर्जीवाड़े में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने इस मामले की जानकारी दी थी।

35 कार्टर देशी शराब एवं 12 बीयर केन जब्त, आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान

नगर संवाददाता

भिण्ड। कलेक्टर भिण्ड संजीव श्रीवास्तव एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उडऩ दस्ता संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी महेश कुमार गौर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं अवैध परिवहन पर रोकथाम लगाने के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान वृत्त गोहद में संयुक्त दविश की गई, दविश के दौरान सरपंच ढाबा पर अवैध 10 पाव देशी मदिरा प्लेन, 6 पाव देशी मदिरा मसाला आरोपी अंकुश सिंह द्वारा ढाबे पर अवैध मदिरा विक्रय करते पाया गया, साथ ही अन्य कार्रवाई में सोनू ढाबा पर अवैध 15 पाव देशी मदिरा प्लेन, 4 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 12 केन बोल्ट बीयर आरोपी सुंदर कुशवाह को ढाबे पर अवैध मदिरा विक्रय करते पाया गया। आरोपियों के कब्जे से कुल 35 पाव देशी मदिरा प्लेन/ मसाला एवं 12 बोल्ट बीयर केन जप्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 4700 रुपए लगभग है। आरोपियों के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)ए एवं 36ए के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसी अनुक्रम में ढाबों होटलों पर सघन चैकिंग की कार्रवाई की गई। जिसमें वृत्त प्रभारी वृत्त गोहद नरेन्द्र कुमार प्रजापति, आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव, कृष्णकांत शर्मा एवं आबकारी आरक्षकगण हरिओम शर्मा, अवधेश सिंह भदौरिया, उपेन्द्र सिंह चौहान, बृजेश कुमार, राहुल सिंह भदौरिया, जनक अर्गल उपस्थित रहे।

12वीं व आईटीआई पास छात्रों को पॉलीटेक्निक में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश 30 जून तक

नगर संवाददाता

भिण्ड। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भिण्ड में संचालित इंजीनियर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को 12वीं अथवा आईटीआई के आधार पर शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ मल्टीनेशनल कंपनियों हेतु इंजीनियर बनने का सुनहरा अवसर प्रदान कराता है। महिला सशक्तिकरण अंतर्गत बेटियों के लिए अलग से हुनर पहल के तहत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। संस्था में ईडब्ल्यूएस कि भी सीट उपलब्ध है। डिप्लोमा कोर्स करने के बाद सीधे बीटेक द्वितीय वर्ष में एडमिशन मिलता है।प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिग के माध्यम से रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं। जिसका द्वितीय चरण 15 जून से प्रारंभ होकर 30 जून रात्रि 11ः45 बजे तक चलेगा। जिसकी चॉइस फिलिंग 20 जून से 4 जुलाई तक होगी। शा. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय भिण्ड में सिविल इंजी., मोर्डन ऑफिस मैनेजमेंट एवं कंप्यूटर साइंस इंजी. ब्रांच संचालित है। वर्तमान में स्किल युथ पावर की राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक मांग है।

कवियों ने रचनाओं का पाठ कर समां बांधा

नगर संवाददाता

भिण्ड। प्रकर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं का पाठ करते हुए समां बांधा।कवि सम्मेलन में कवि हास्य कवि प्रदीप वाजपेयी, ओज कवि विपिन तोमर साहिल मुरैना, हास्य कवि अंजुम मनोहर, गीतकार आकाश अखिल, शायर हिमांशु शर्मा ग्वालियर, श्रृंगार कवि अंजली चौरसिया निबाड़ी, श्रृंगार कवि विश्वास बघेल, वीर रस कवि अनुभाषी शर्मा दतिया, वीर रस कवि प्रियंका राजावत, हास्य कवि गोविंद सिंह भदौरिया दतिया, शायर सुयश श्रीवास्तव ग्वालियर, वीर रस कवि तनु श्रीवास्तव व कवयित्री साक्षी चौहान ने मंच से अपनी अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं ने काव्य रचनाओं का रसपान किया।

कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रकर्ष फाउंडेशन द्वारा समाजहित में काम करने वाले सहयोगी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व कमिश्नर राजीव शर्मा और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुखदेव सिंह सेंगर ने डॉ. देवेंद्र सिंह तोमर द्वारा संपादित साहित्यिक रचनाओं की प्रति भेंट की गई। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष आरती सिंह द्वारा अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र और एक पौधा वितरित किया गया।

ऑटो व ट्रैक्टर की टक्कर में महिला समेत दो की मौत, दो घायल

नगर संवाददाता

मालनपुर। बुधवार की शाम कैडबरी फैक्ट्री के समीप नेशनल हाईवे 719 पर सवारी ऑटो और एक ट्रैक्टर में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे ऑटो में बैठी सवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसमें एक महिला समेत दो लोगों की मौत होना बताया गया है और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार एक सवारी ऑटो बुधवार को ग्वालियर से सवारी भरकर गोहद की तरफ जा रही थी, वह मालनपुर से आगे कैडबरी फैक्ट्री के पास पहुंची ही थी कि सामने ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। जिससे ऑटो बैठे सचिन पुत्र केशव जाटव उम्र 22 वर्ष निवासी पिपाहड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य घायलों के साथ मीरा गुप्ता पत्नी महेश गुप्ता उम्र 45 वर्ष मुरैना को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान मीरा गुप्ता की मौत हो गई। बताया जा रहा है दो लोग घायल हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को भव्य बनाने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : मंत्री शुक्ला

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के लिए बैठक संपन्न

नगर संवाददाता

भिण्ड। जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष भिण्ड में आयोजित की गई।नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भव्य एवं गरिमामय रूप से किए जाने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने अतिथियों के आगमन, बैठक व्यवस्था व अन्य प्रोटोकॉल व्यवस्था, मंच व्यवस्था व ग्रीन रूम व्यवस्था, हैलीपेड व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल मार्ग सुदृढ़ीकरण, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में विधायक भिण्ड नरेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव, सीईओ जिला पंचायत सुनील दुबे, संयुक्त कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता, एसडीएम भिण्ड अखिलेश शर्मा, गोहद-अटेर पराग जैन, मेहगांव नवनीत शर्मा, लहार विजय यादव सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

नारी शक्ति सही मायने में भारत की भाग्यविधाता : सिसोदिया

पानी विधाता की अनुपम भेंट, इसकी कद्र कीजिए : जिला समन्वयक

नगर संवाददाता

भिण्ड। पानी जीवन का आधार है, हमें यह बात स्वीकार करनी होगी, नारी परिवार की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। जल संरक्षण में भी आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक धर्मेन्द्र सिसोदिया ने नवांकुर संस्था भगवंती बाई शिक्षा एवं समाजसेवा समिति के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित जल संगोष्ठी में कही। इस अवसर पर वार्ड क्र.22 के पार्षद आदेश नानू अरेले, जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया, समाजसेवी गणेशदत्त मिश्रा, निशि सहित तमाम लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव शशिकांत शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन परामर्शदाता सरिता चौहान ने किया।

ब्रह्मपुरी स्थित संस्था के प्रशिक्षण भवन में संभागीय समन्वयक सिसोदिया ने कहा कि पहले लोग बारिश से पहले ही जल स्त्रोतों की सफाई एवं पौधारोपण करते थे। लेकिन अब केवल हम शोषण करते हैं। जबकि पहले ऐसा नहीं था। प्रकृति को यदि हम देंगे नहीं तो प्रकृति हमसे सब ले लेगी, इसलिए हम इसके संतुलन को बनाएं और अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

जिला समन्वयक शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने कहा आने वाले दिनों में यदि हम सचेत नहीं हुए तो पानी को लेकर भीषण संकट होगा। पानी ईश्वर की अनुपम भेंट है, इसे समझिए और सहेजिए, इसकी कद्र कीजिए। कार्यक्रम में पार्षद नानू अरेले और समाजसेवी गणेश दत्त मिश्रा ने भी संबोधित किया।

सुदर्शन या करुण, भारत का नया नंबर-3 कौन, नीतीश-शार्दुल और कुलदीप में किसे मिलेगा मौका?

लीड्स एजेंसी। स्पिन विभाग में कुलदीप और जडेजा में से किसी एक को खिलाने को लेकर टीम प्रबंधन का फैसला काफी दिलचस्प होगा। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं, लेकिन जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। लीड्स में मुकाबले की शुरुआत भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे होगी। वहीं, टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर तीन बजे होगा। इस टेस्ट के साथ भारत और इंग्लैंड की टीमें अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत करेंगी। भारतीय टीम की कमान जहां युवा शुभमन गिल संभालेंगे, वहीं इंग्लैंड की कप्तानी दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स करेंगे। इंग्लिश टीम ने बुधवार को ही प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी थी। वहीं, टीम इंडिया टॉस से ठीक पहले इसका एलान करेगी। हालांकि, भारतीय प्लेइंग-11 को लेकर जद्दोजहद अभी तक जारी है। भारतीय प्लेइंग-11 के आठ खिलाड़ी लगभग तय हैं, जबकि तीन स्थानों को लेकर टीम मैनेजमेंट और मुख्य कोच गौतम गंभीर को माथापच्ची करनी पड़ रही है। इन स्थानों के लिए साई सुदर्शन, करुण नायर, नीतीश

रेड्डी, शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव के बीच जंग है। आइए जानते हैं कि भारत की प्लेइंग-11 क्या हो सकती है...

गिल के नेतृत्व में एक युवा टीम इंडिया इस सीरीज में उतरेगी। विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास के बाद उनके रिक्त स्थानों को भरने के लिए कौन सा खिलाड़ी अच्छ प्रदर्शन करेगा यह तो वक्त ही बताएगा, लेकिन उनकी जगह पर आजमाया किसे जाए, यह सबसे बड़ा सवाल है। रोहित की जगह केएल राहुल के बतौर सलामी बल्लेबाज आने की पूरी संभावना है। राहुल का इंग्लैंड में रिकॉर्ड भी शानदार रहा है और युवा यशस्वी जायसवाल के साथ उनका अनुभव काम आ सकता है। यशस्वी का यह पहला इंग्लैंड दौरा है, जबकि राहुल वहां नौ मैचों की 18 पारियों में 34.11 की औसत से 614 रन बना चुके हैं। इनमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, उप-कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में नंबर-चार और पांच तय होने की बात कही थी। विराट कोहली द्वारा रिक्त किए गए चौथे नंबर पर कप्तान शुभमन गिल बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे, जबकि पंत पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करना जारी रखेंगे। मध्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी इन्हीं दोनों के मजबूत कंधों पर होगी।

वहीं, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का बतौर स्पिनर खेलना तय है। वहीं, तेज गेंदबाजी का दारोमदार अनुभवी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज के कंधों पर होगा। इन दोनों का खेलना लगभग तय है। तीसरे पेसर के तौर पर प्रसिद्ध कृष्णा का खेलना लगभग तय माना जा रहा है। लीड्स की पिच पर उनकी हिट द डेक गेंद घातक साबित हो सकती हैं। हालांकि, प्लेइंग-11 में उनकी टक्कर अर्शदीप सिंह से हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि टीम मैनेजमेंट एक बाएं हाथ का तेज गेंदबाज चाहता है या नहीं। अर्शदीप ने काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है जो उनके दावे को मजबूत करता है। हालांकि, उनके पास टेस्ट खेलने का अनुभव नहीं है और इस वजह से प्रसिद्ध को मौका मिल सकता है। आकाश दीप एक अन्य विकल्प हैं, लेकिन उन पर प्रसिद्ध को तरजीह मिलना तय है। इनके अलावा टीम में नंबर-तीन, नंबर-छह और एक गेंदबाज की जगह खाली है। इसी को लेकर असली जंग है। उप-कप्तान पंत ने बताया था कि नंबर तीन को लेकर अभी तक चर्चा चल रही है। इसका मतलब है कि टीम मैनेजमेंट इस पर विचार कर रहा है कि एक ऑलराउंडर को मौका दिया जाए या एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाया जाए। नंबर तीन पर साई सुदर्शन के डेब्यू की काफी बातें चल रही हैं। हालांकि, करुण नायर ने हाल ही में इंडिया-ए से खेलते हुए नंबर तीन पर बल्लेबाजी की थी और दोहरा शतक जड़ा था। करुण फिलहाल जीवन के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रहे हैं और एक इनफॉर्म बल्लेबाज को प्लेइंग-11 से दूर रखना टीम मैनेजमेंट के लिए आसान नहीं होगा।

19 साल की दिव्या देशमुख ने वर्ल्ड नंबर-1 को हराया

नई दिल्ली एजेंसी। 19 साल की दिव्या देशमुख ने दिव्या देशमुख ने सोमवार को वर्ल्ड टीम रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में दुनिया की नंबर-1 चेस प्लेयर हौ यिफान को हराया। जूनियर कैटेगरी की वर्ल्ड नंबर-1 दिव्या ने चीन की यिफान को हराते हुए वर्ल्ड टीम रैपिड और ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप में 3 मेडल जीते। इनमें रैपिडचेस का सिल्वर और ब्लिट्ज का ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। दिव्या की इस अचीवमेंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है। क्करूमोदी

ने सोशल प्लेटफार्म ङ्क पर लिखा- लंदन में वर्ल्ड टीम ब्लिट्ज चैंपियनशिप के दूसरे चरण के ब्लिट्ज सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी होउ यिफान को हराने पर दिव्या देशमुख को बधाई। उनकी सफलता उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। यह कई उभरते शतरंज खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। लंदन में समाप्त हुए स्न्ढ्ढष्ठश्व वर्ल्ड ब्लिट्ज टीम चेस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में नागपुर की दिव्या का सामना यिफान से हुआ। यह मुकाबला शतरंज के सबसे तेज प्रारूप में था, जो हाल ही में वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश के बीच खेले गए क्लासिकल गेम की तरह रोमांचक था।यिफान ने ङ्घक्र चेस टीम का प्रतिनिधित्व किया, जबकि दिव्या हेक्सामाइंड चेस क्लब के लिए खेलीं।

टीम इंडिया की जीत के लिए बुमराह का चलना जरूरी, उनके खिलाफ हमेशा खामोश रहा है जो रूट का बल्ला

लंदन एजेंसी। रूट के लिए बुमराह की गेंदों को खेलना आसान नहीं होगा। बुमराह ने टेस्ट में रूट को 24 पारियों में नौ बार आउट किया है। रूट टेस्ट में बुमराह के सबसे पसंदीदा शिकार रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट लीड्स में शुक्रवार से शुरू होगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में एक युवा टीम इंडिया इस दौरे पर गई है। इसी के साथ टीम इंडिया के एक नए युग की शुरुआत हो जाएगी। इस सीरीज में काफी कुछ भारत के सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर निर्भर होगा। वहीं, इंग्लैंड की टीम भी काफी हद तक अपने सबसे अनुभवी बल्लेबाज जो रूट पर निर्भर होगी। ऐसे में जब ये दोनों आमने-सामने आएंगे तो दिलचस्प टक्कर देखने को मिलेगी। पिछली कुछ सीरीज में बुमराह रूट पर भारी साबित हुए हैं। ऐसे में अगर बुमराह इस सीरीज में चलते

हैं और रूट का विकेट आसानी से निकालने में कामयाब होते हैं तो टीम इंडिया के लिए मौका बन सकता है।बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में वन मैन आर्मी रहे थे। उन्होंने इस दौरे पर 32 विकेट निकाले थे। भारत ने जो एकमात्र टेस्ट जीता था, उसमें बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी की थी। वहीं, भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट भी जीत जाती अगर बुमराह चोटिल होकर मैदान से बाहर नहीं गए होते। अब वह इंग्लैंड की परिस्थितियों में भी उस कमाल को दोहरा सकते हैं। इंग्लैंड की पिच भी तेज गेंदबाजों को मदद करती है। रूट के लिए उन्हें खेलना आसान नहीं होगा। बुमराह ने टेस्ट में रूट को 24 पारियों में नौ बार आउट किया है। रूट टेस्ट में बुमराह के सबसे पसंदीदा शिकार रहे हैं। इसके बाद पैट कमिंस (8 बार) और ट्रेविस हेड (6 बार) का नंबर आता है। बुमराह ने रूट को एक बार बोल्ड, चार बार कैच आउट, एक बार विकेट के पीछे कैच कराया है। तीन बार बुमराह ने रूट को एल्बीडब्ल्यू आउट किया है।वहीं, रूट बुमराह के खिलाफ 31.77 की औसत से 286 रन ही बना सके हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 51.16 का रहा है। बुमराह के खिलाफ रूट ने कुल मिलाकर 559 गेंदों का सामना किया है और 411 डॉट गेंदें खेली हैं। रूट ने भारतीय तेज गेंदबाज के खिलाफ 36 चौके लगाए हैं।

ऐसे में दोनों के बीच इस सीरीज में दिलचस्प टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों ही खिलाड़ी मिशन पर हैं।

भारत के दो पूर्व कोच, दोनों की कप्तान गिल को लेकर अलग राय! जानें कर्स्टन और शास्त्री ने क्या कहा

लंदन एजेंसी। गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मेंटर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। वहीं, रवि शास्त्री ने द आईसीसी रिव्यू पर 25 वर्षीय गिल का मार्गदर्शन करते हुए कहा, मुझे लगता है कि गिल को समय लेना चाहिए। यह आसान नहीं होने वाला है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत से एक दिन पहले कप्तान शुभमन गिल को लेकर भारत के दो पूर्व कोच का बयान सामने आया है। दोनों ने ही गिल को लेकर अलग-अलग राय रखी है। टीम इंडिया को विश्व चैंपियन बना चुके पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने गिल का समर्थन करते हुए कहा है कि बतौर कप्तान यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धूम मचाने के लिए तैयार है। वहीं, पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि गिल के सामने इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में टीम की

अगुआई करने की कड़ी चुनौती है और इस चुनौतीपूर्ण दौरे पर सफल होने के लिए उन्हें काफी धैर्य दिखाना होगा। गिल की कप्तानी वाली आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मेंटर रहे कर्स्टन का मानना है कि 25 वर्षीय गिल में अच्छे नेतृत्वकर्ता बनने के सभी गुण मौजूद हैं। कर्स्टन ने जियो हॉटस्टार से कहा, मुझे लगता है कि शुभमन एक बेहतरीन कप्तान साबित होंगे। वह एक स्मार्ट क्रिकेटर हैं। उनके पास खेल के लिए अच्छा दिमाग है और वह अपने खेल को समझते हैं। वह बहुत प्रतिभाशाली हैं और एक अच्छे इंसान हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत महत्वपूर्ण है। कर्स्टन ने कहा, शुभमन के बारे में मुझे जो एक बात सबसे ज़्यादा पसंद है, वह यह है कि वह जो कहते हैं, वही करते हैं। वह बहुत मेहनती हैं और यह बात दूसरे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन उदाहरण है। मुझे लगता है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा, गिल को अभी टेस्ट क्रिकेट में अपनी जगह मजबूत करनी होगी। विरासत तैयार करने और किंवदंती बनने में समय लगता है। विराट कोहली से उनकी तुलना करना सही नहीं है। हमने उन्हें कप्तान के रूप में देखा है और उनमें अच्छा कप्तान बनने की क्षमता है। वहीं, रवि शास्त्री ने द आईसीसी रिव्यू पर 25 वर्षीय गिल का मार्गदर्शन करते हुए कहा, मुझे लगता है कि गिल को समय लेना चाहिए। यह आसान नहीं होने वाला है। गिल को एक कठिन काम करने के लिए कहा गया है और यह है इंग्लैंड दौरे पर भारत की कप्तानी करना। गिल के टेस्ट करियर के अभी शुरुआती दिन हैं, इस युवा खिलाड़ी ने दिसंबर 2020 में डेब्यू के बाद से 32 मैचों में 35.05 की औसत से 1893 रन बनाए हैं। बल्लेबाजी के अलावा, इंग्लैंड में गिल के नेतृत्व कौशल की भी परीक्षा होगी, जहां भारत ने पिछली बार 2007 में टेस्ट सीरीज जीती थी। शास्त्री का मानना है कि इंग्लैंड का दौरा गिल के लिए सीखने का मौका हो सकता है।

सत्र के पहले खिताब पर होंगी नीरज की नजरें

पेरिस डायमंड लीग में मिलेगी वेबर-एंडरसन से चुनौती

नई दिल्ली एजेंसी। वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होंगी जब उनका सामना शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग में जूलियन वेबर से होगा। 90 मीटर की बाधा पार कर चुके नीरज की

टक्कर डायमंड लीग के दूसरे चरण में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से भी होगी। भाला फेंक स्पर्धा में कुल आठ दावेदार होंगे जिनमें पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं। वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्षीय वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिये पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था। आखिरी बार उन्होंने 2017 में पेरिस डायमंड लीग में जूनियर विश्व चैम्पियन के तौर पर खेलकर पांचवां स्थान हासिल किया था। चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैम्पियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा , मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे।

बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए एमबाप्पे, अल हिलाल ने रियाल मैड्रिड को बराबरी पर रोका

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)एजेंसी। रियाल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ मैच से पहले कहा, एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेंगे। स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए जिससे रियाल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया और उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1ङ्क1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रियाल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में

अल हिलाल के खिलाफ मैच से पहले कहा, %एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहे हैं। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेंगे।% रियाल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियाल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया। प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया।

रोहित-विराट के बिना ड्रेसिंग रूम सूना होगा

साथियों की गैरमौजूदगी पर छलका केएल राहुल का दर्द

नई दिल्ली एजेंसी। केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ बातचीत में कहा- विराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं और उनका न होना बहुत बड़ी कमी होगी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना ड्रेसिंग रूम साझा करना मुश्किल होगा। उनके बिना ड्रेसिंग रूम का माहौल सूना होगा। बता दें कि, विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। उनसे पहले रोहित शर्मा ने भी लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। इससे भारत को दोहरा झटका लगा था और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम का एलान किया। केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ बातचीत में कहा- %विराट और रोहित पिछले एक दशक से भारतीय क्रिकेट के स्तंभ रहे हैं और उनका न होना बहुत बड़ी कमी होगी। अपने अब तक के पूरे करियर में, मैं कभी भी ऐसी टीम के माहौल में नहीं गया, जहां न तो विराट और न ही रोहित मौजूद हों। केएल राहुल ने आगे कहा- मैंने अब तक जितने भी टेस्ट मैच खेले हैं, उनमें से विराट या रोहित या दोनों ही

हमेशा टीम का हिस्सा रहे हैं। उनके बिना ड्रेसिंग रूम में जाना थोड़ा अजीब जरूर लगेगा। लेकिन निश्चित रूप से उनके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को अपना सबकुछ दिया है और वे हमेशा भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बने रहेंगे। लेकिन अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं। भारतीय टीम इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गंभीर और गिल के लिए इंग्लैंड दौरा कठिन रहना वाला है। पिछले कुछ समय से भारत का टेस्ट प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। किसी भी सीरीज से पहले इंट्रा स्क्वाड या अभ्यास मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। भारतीय टीम ने इंट्रा स्क्वाड मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना था जिससे विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहा था। 2007 के बाद से भारतीय टीम चार बार इंग्लैंड दौरे पर गई, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सकी। 2011 में वनडे विश्व कप जीतने के बाद भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया। उस वक्त टीम महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में खेलने गई, लेकिन चार मैचों की टेस्ट सीरीज में एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी और मेजबान टीम ने भारत को 4-0 के अंतर से हराया।

सूखे मौसम से बैटर्स को मदद की उम्मीद

भारत का बहुप्रतीक्षित इंग्लैंड टेस्ट दौरा अब बिल्कुल करीब है। पांच टेस्ट की इस सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार से खेला जाएगा। इस बार लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है, जो आमतौर पर इंग्लैंड दौरे का तीसरा टेस्ट होता है। इस बार यहां का मौसम भी कुछ अलग है। फरवरी से यहां बारिश नहीं हुई है और मैदान एकदम सूखा पड़ा है। इससे पिच की तैयारी भी अलग तरीके से की गई है। पिच 3 दिन पहले तक देखने में हरी जरूर लग रही थी, लेकिन टेस्ट से पहले इसे अच्छे से काटा और रोल किया जाएगा। पिच क्यूरेटर रिचर्ड रॉबिन्सन कहते हैं, 'हम चाहते हैं कि पिच अच्छी और संतुलित हो, ताकि बल्लेबाज शॉट खेल सकें। रॉबिन्सन की इस मैदान से जुड़ी कई यादें हैं। बचपन में यहीं पर उन्होंने 1981 की प्रसिद्ध एशेज सीरीज देखी थी, जिसमें लीड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड फॉलोऑन खेलकर 18 रन से जीत गया था। अब रॉबिन्सन इस ऐतिहासिक मैदान पर एक और टेस्ट की जमीन तैयार कर रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, टेस्ट के दौरान तापमान 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। हालांकि, इतनी गर्मी के बावजूद पिच के टूटने की संभावना कम है।

जनपद में पिट एनडीपीएस एक्ट– 1988 से सम्बंधित अपराधियों पर भी की जाए कार्रवाई – डीएम

जनपद में अभियान चलाकर धारा 145 के लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएरू- जिलाधिकारी

जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अभियोजन समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित शासकीय अधिवक्ताओं से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर शासन के पक्ष में निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। अभियोजन समिति कि बैठक में अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने उपस्थित शासकीय अधिवक्ता एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 से संबंधित नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों पर भी कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में गुंडा एक्ट/गैंगस्टर, महिला उत्पीड़न धारा-354 से संबंधित अनेकों प्रकरण पर विस्तृत चर्चा की गई और अपराधियों को सजा दिलाए जाने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने उपस्थित समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर धारा 145 के लंबित वादों का निस्तारण क्षेत्राधिकारी पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपस्थित क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिए कि समस्त थानाध्यक्षों को वादों के निस्तारण हेतु रिपोर्ट तत्काल उपजिलाधिकारी कार्यालय प्रेषित करना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान पास्को एक्ट वाद की सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता श्री विजय सिंह कुशवाहा द्वारा दो अपराधियों को 20-20 साल की सज़ा दिलाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई, इसके साथ ही महिला उत्पीड़न के वाद में अपराधी को 10 साल की सज़ा एवं 50 हजार के जुर्माने पर श्री तेज सिंह गौर शासकीय अधिवक्ता को भी प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिवक्ताओं से कहा कि मुकदमों में प्रभावी ढंग से पैरवी करते हुए दोषियों को अधिक से अधिक सजा दिलाएं। उन्होने जनपद न्यायालयों या अन्य दूसरे न्यायालयों में लम्बित वादो को सूचीबद्ध करते हुए अधिक से अधिक वादो का निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि जो वाद बहस के योग्य हो उसमें प्रभावी बहस तथा जिसमें बहस हो चुकी हो उसमें कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने वादो के निस्तारण में गवाहों की उपस्थिति सौ फीसदी हो ताकि अधिक से अधिक वादो में अभियुक्तों को सजा दिलायी जाना सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा की गवाहों को किसी भी दशा में लौटाया न जाए। जिलाधिकारी नेअभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि गैंगस्टर, महिलाओं और बच्चों से संबंधित आपराधिक मामलों का निर्धारित समयावधि के अंतर्गत निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करें, हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय समय से दिला सकें। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित वादों में शीघ्रता लाते हुए गवाहों को बुलाकर न्यायालय में वादो को तय कराकर अभियुक्त को अधिक से अधिकतम सजा दिलाई जाए। उन्होंने वादों की समीक्षा के दौरान लंबित मामलों की सूची तैयार करते हुए उन पर अधिक फोकस करें ताकि लंबित मामलों का निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया जा सके। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जाए। उन्होंने विवेचक द्वारा संवेदनशील होकर विवेचना गुणवत्ता और समय के साथ करने के निर्देश दिए ताकि वाद को प्रभावी ढंग से न्यायालय में रखा जा सके और दोषियों को सजा दिलाई जा सके। उन्होने कहा कि महिलाओं से संबधित अपराध, हत्या, अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाओं का चार्ट अलग बनाया जाए। उन्होंने पास्को एक्ट में पैरोकार की व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाए जिससे अपराधियों को यह मैसेज जाए कि छोटे से छोटा अपराध करने पर भी वह सजा से बच नहीं सकते। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल पर दैनिक अभियोजन कार्यों की फीडिंग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्तों को सजा दिलाने की स्थिति, प्रर्वतन कार्यों से सम्बन्धित विवरण, आबकारी अपराधों के नियन्त्रण के लिए मारे गए छापों का विवरण, कृषि प्रकोष्ठ द्वारा न्यायालय भेजे गए मामले, खाद्य अप मिश्रण निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई, श्रम विभाग से संबधित विवरण पत्र मिशन शक्ति से सम्बन्धित मामले पाक्सों एक्ट, जुवैनाइल एक्ट, आर्म्स एक्ट, एक्साईज एक्ट आदि पर गहन समीक्षा कर प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद के अपराधियों में कानून का भय होना अनिवार्य है, अधिवक्ता गण ऐसी पैरवी करना सुनिश्चित करें। इस दौरान बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति, अपर जिलाधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्ल, सीएमओ डॉ0 सुधाकर पाण्डेय, एसपी सिटी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रमोद झा, सीओ सिटी श्री रामवीर सिंह,संयुक्त निदेशक अभियोजन श्री देशराज सिंह, श्री विजय सिंह कुशवाहा डीजीसी, श्री मृदुलकांत श्रीवास्तव डीजीसी, श्री दीपक तिवारी विशेष लोक अभियोजक, एडीज़ीसी श्री संजय पाण्डेय,श्री अतुलेश कुमार सक्सेना, श्री रवि प्रकाश गोस्वामी, श्री तेज सिंह गौर, श्री देवेन्द्र पांचाल,श्री ज्ञान स्वरूप राजपूत,श्री पुष्पेन्द्र राजपूत, श्री रविशंकर द्विवेदी, श्री संजय देव शर्मा, श्री राजेन्द्र कुमार रावत, श्री नरेन्द्र कुमार खरे सहित समस्त जिला शासकीय अधिवक्तागण, सहायक शासकीय अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक, एपीओ आदि उपस्थित रहे।

न्यूज बीफ्र

झाँसी मंडल के झाँसी-मऊरानीपुर रेलखंड तथा महोबा-हरपालपुर रेलखंड पर वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान

झाँसी मंडल के झाँसी-मऊरानीपुर रेलखंड पर बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम एवं रेल यात्रा को अधिक अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु एक वृहद स्तर का टिकट जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।इस विशेष जांच अभियान में टिकट चेकिंग स्टाफएवं रेल सुरक्षा बल की टीमों द्वारा रेलखंड पर ट्रेन की गहनता से जांच की गई।अभियान की व्यापकता को देखते हुए स्टेशनों पर टिकट बुकिंग काउंटरों पर यात्रियों की कतारें देखी गईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने की जागरूकता बढ़ी है।इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने जैसे मामलों में 77 यात्री पकडे गए यात्रियों से नियमानुसार रु. 21430/- जुर्माना स्वरुप रेल राजस्व वसूल किया गया। इस दौरान विशेष तौर पर झाँसी-बांदा मेमू तथा प्रयागराज ग्वालियर पैसेंजर की सघनता से टिकट जांच की गयी प् पैसेंजर गाड़ियों में जांच के दौरान रु.21000/- की राजस्व वसूली एक बड़ी राजस्व वसूली का उदाहरण है पृइस अभियान की सफलता में मुख्य टिकट जांच वाणिज्य निरीक्षक श्री एम् एल मीना, साकेत यादव, बी के श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, रोहित राय, आशीष कुमार, मोनिका, अरुण सचान सहित रेल सुरक्षा बल कर्मी सहित अन्य स्टाफउपस्थित रहे पृझाँसी मंडल द्वारा इस प्रकार के अभियानों को आगे भी नियमित रूप से जारी रखने का संकल्प लिया गया है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुशासित रेल सेवा प्रदान की जा सके।टिकट जांच अभियान के क्रम आज दिनांक रू 19.06.2025 को महोबा-हरपालपुर-महोबा रेलखंड पर गाडी संख्या 64612 मानिकपुर दृझाँसी मेमू एवं 11801 ग्वालियर-प्रयागराज पैसेंजर में भी बड़े स्तर पर जांच अभियान चलाया गया प् जिसमें बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने जैसे मामलों में 29 यात्री पकडे गए यात्रियों से नियमानुसार रु. 8800/- जुर्माना स्वरुप रेल राजस्व वसूल किया गया। इस अभियान की सफलता में मुख्य टिकट जांच निरीक्षक श्री अमरेश कुमार तिवारी एवं श्री अरुण प्रताप सहित रेल सुरक्षा बल कर्मी बलबीर सिंह एवं श्री आर एन पाण्डेय द्वारा विशेष योगदान दिया गया

कौशिक जी को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी

झांसी। आरपीएफमित्र योजना समिति के तत्वावधान में प्रभारी निरीक्षक आरपीएफरविन्द्र कुमार कौशिक जी के प्रयागराज स्थानान्तरण के अवसर पर आरपीएफथाना परिसर पर कौशिक जी को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।कार्यक्रम में आरपीएफमित्र पं. सियाराम शरण चतुर्वेदी, आनन्द कुमार सक्सेना, इंद्रपाल सिंह खनूजा, संदीप साहू, दीप चन्द्र, नरेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सियाराम शरण चतुर्वेदी ने किया, आनन्द कुमार सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी कानपुर रेल खण्ड पर स्थित समपार फाटक सं 157 (किमी 1195/33-35) के मध्य अनुरक्षण का कार्य दिनांक 21.06.2025 से 22.06.2025 तक होना है द्य यह कार्य समपार पर सडक यातायात रोके बिना नहीं किया जा सकता है।

योग मैराथन स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम

झांसी - बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी एवं 56 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में ÷योग मैराथनकृएक स्वस्थ समाज की ओर÷ शीर्षक से एक भव्य आयोजन 19 जून 2025 को सम्पन्न हुआ। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित ÷30 दिन, 30 अनुभव÷ श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस प्रेरणास्पद मैराथन का शुभारंभ झाँसी के ऐतिहासिक किले से हुआ, जिसे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय एवं 56 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल प्रशांत कक्कड़ ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ का मार्ग झाँसी किला, झोकन बाग, कचहरी चौराहा, महाराजा अग्रसेन चौराहा, आरटीओ, एसबीआई शाखा (बुंदेलखंड विश्वविद्यालय परिसर) होते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सम्पन्न हुआ। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों, शिक्षकों और शहरवासियों में उत्साह और अनुशासन की अनूठी छवि देखने

को मिली।कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने योग को जीवन का विज्ञान बताते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह मानसिक स्पष्टता, आत्मबल और संतुलन का माध्यम है। उन्होंने युवाओं को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित किया और विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित योग वाटिका का लोकार्पण करते हुए इसे स्थायी स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बताया। कर्नल प्रशांत कक्कड़ ने कहा कि एनसीसी और योग दोनों ही आत्मसंयम, अनुशासन और नेतृत्व के मूल आधार हैं। इस आयोजन से युवाओं में इन मूल्यों का समावेश होगा, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सशक्त बनाएगा। उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अंशुमान सक्सेना, सुबेदार मेजर विजल पाल, हवलदार प्रदीप कुमार एवं हवलदार सुखवीर सिंह ने भी सहभागिता कर आयोजन को गरिमा प्रदान की।कुलसचिव श्री राज बहादुर सिंह ने योग को आंतरिक ऊर्जा का स्रोत बताते हुए इसे आत्मसाक्षात्कार की दिशा में आवश्यक साधन कहा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनें। आयोजन के संयोजक, आईक्यूएसी निदेशक एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार काबिया ने कहा कि यह मैराथन केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतना है, जो विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की एकजुटता से संभव हुई है।

हाईवे पर हुआ भीषण सड़क हादसा जिसमें परिचालक की हुई मौत दूसरा गंभीर रूप से हुआ घायल

मोठ (झाँसी) गुरुवार को झाँसी-कानपुर हाईवे पर भुजौंद गाँव के पास हुआ भीषण सड़क हादसा जिसमें एक व्यक्ति की हुई मौत जबकि एक घायल है।जानकारी के अनुसार खड़े डंपर में पीछे से आ रहे ट्रक ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। दोनों डंपर में गिट्टी लदी हुई थी। इस भीषण हादसे में फैजान पुत्र महताब खान, निवासी ईगुई खाना, ऐट, जालौन को गंभीर चोटें आई, जिसे तत्काल सीएचसी मोंठ भिजवाया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।वहीं दूसरे डंपर में मौजूद गुलफाम पुत्र इस्माइल, निवासी उपरोक्त, डंपर के अंदर बुरी तरह फंस गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने काफी देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। भारी

मशक्कत के बाद गुलफाम को डंपर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित कराया।हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

'07 दिवसीय योगा कार्यक्रम ष्योगा संगमष् के अंतर्गत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक झांसी दुर्ग पर किया योगाभ्यास'

झांसी - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा भारत लगभग के 100 आइकोनिक स्मारक स्थल पर एक साथ आयोजन कर रहा है। 07 दिवसीय योगा कार्यक्रम ष्योगा संगमष् के अंतर्गत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक झांसी दुर्ग पर 7 दिवसीय कायर्क्रम के नोडल अधिकारी डॉ इज़हार आलम हासमी के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया और योगा रैली निकल कर आने वाले पर्यटकों, आमजनमानस को भी योग के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम में अभिषेक सिंह, वरिष्ठ संरक्षण सहायक, भारतीय सेना झांसी से ब्रिगेडियर प्रोटोकॉल सहित दीवान प्रसाद,अजय राजोरिया, अरविंद कुमार आसाराम,सागर रायकवार,सन्तोष, बंटी, नीलम पटेल, तीरथ कुशवाहा, दीपक निखिल, बृज भूषण दुबे, दीपक प्रजापति, धर्मेन्द्र पाल, जितेन्द्र कुमार,कपिल यादव,देवेंद्र रायकवार, कृष्ण कान्त पाल, कृष्ण कुमार नायक, मलखान सिंह, मनभावन सिंह, प्रिंस कुशवाहा, राजपाल, रमाकांत, रंजीत सिंह, शिवप्रताप, सुरेन्द्र केवट, धर्मेंद्र कुमार, मोहित दुबे, शिवम सहित पयर्टक एवं आम जनमानसगण उपस्थित रहे।

बिजली समस्या को लेकर राष्ट्र भक्त संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुख्य अभियंता से बात

आज राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अर्जरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के मुख्य अभियंता खुसरो परवेज खान से मिला और झांसी ललितपुर सहित क्षेत्र की बिजली की समस्या के विषय में चर्चा की प्रमुख रूप से बताया कि बिजली घरों के फोन नहीं उठते हैं जिसकी वजह से सबसे ज्यादा समस्या उत्पन्न हो रही है सही तरीके से जवाब नहीं दिया जाता है बिजली के कनेक्शन किसी बिजली केंद्र से हैं और मेंटेनेंस किसी अन्य केंद्र से दोनों ही फोन लगाने पर एक दूसरे के ऊपर फुटबॉल की तरह उपभोक्ता को घुमाते हैं मुख्य अभियंता ने तुरंत थी सभी जे ई और स्टाफको डाट कर बताया की जनता का फोन हर रात में उठाना चाहिए और जनता को सही जानकारी देनी चाहिए इसके अतिरिक्त बिजली की अघोषित

कटौती और हर 10 मिनट में बिजली आने के बाद आधा घंटे 1 घंटे के लिए बंद होना सहित बिजली की सभी समस्याओं पर चर्चा की गई यह भी बात की गई कि कागजों में ऊपर शासन को लगातार बिजली आपूर्ति होना बताया जा रहा है जबकि जिले में ज्यादातर स्थानों पर कुल मिलाकर अधिकतम 17 ,18 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है मुख्य अभियंता ने कहा की कल ही ज्वाइन किया है शीघ्र इन समस्याओं का निस्तारण करवा दिया जाएगा कुछ सहयोग जनता को भी करना पड़ेगा समय पर बिल भरना और चोरी से लाइट जलाने वालों का नाम बिजली कर्मियों तक पहुंचाना आदि इस अवसर पर सर्वेश पटेल अर्पित शर्माअभिषेक सिंह सोनू अहिरवार सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

राहुल गांधी के जन्म दिन पर युवा कांग्रेस ने किये फल वितरित , प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प

झांसी - आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस के तत्वाधान में ईलाइट चौराहा पर राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव जैन के नेतृत्व में फल एवं जूस वितरित किया गया।इस मौके पर गौरव जैन ने कहा कि राहुल गांधी आज लोकतन्त्र एवं संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे है और देश का युवा उन्हें प्रधानमंत्री के रुप में देखना चाहता है।युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता युवराज सिंह यादव ने कहा कि राहुल गांधी देश के दलित, पिछड़ो , अल्पसंख्यकों व आदिवासियों के हक की बात कर रहे है उससे सामाजिक न्याय के आंदोलन को ताकत मिली है।इस मौके पर एड. वैभव भारत बट्टा,कार्तिक पटैरिया,आतिफ़ इमरोज, शाहरुख खान, विशाल वर्मा, मयंक शर्मा, प्रशांत वर्मा, जुगल किशोर, अमीर चंद आर्य, शैलेंद्र वर्मा शीलू आदि मौजूद रहें ।अंत में महा नगर अध्यक्ष मो. आसिफ़ने आभार व्यक्त किया।

बैठक में अनुपस्थित रहने पर औषधि निरीक्षक को शो–कॉज नोटिस जारी

जनपद की समस्त देशी/विदेशी शराब की दुकानों की सघनता से की जाए जांच, नकली शराब पाए जाने पर हो सख्त कार्यवाही

झांसी - जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में नारको- कोऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार जनपद में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री किसी भी हालत में नहीं हो, उन्होंने डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना एंटीबायोटिक दवाओं की बिक्री को सख्ती से रोका जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त मादक पदार्थों के विक्रय और तस्करी पर भी उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए जीएसटी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़े वाहनों की गंभीरता के साथ जांच की जाए ताकि अन्य प्रदेशों से परिवहन कर लाए जाने वाले मादक पदार्थों (गांजा) को जनपद में आने से रोका जा सके। उन्होंने बैठक में सुझाव देते हुए कहा कि जनपद के मदजतल-चवपदज पर विशेष सतर्कता बरतते हुए वाहनों की चेकिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने ने स्कूल कालेजों के आस-पास नशीली दवाओं की बिक्री के विरुद्ध क्षेत्रांतर्गत थानाध्यक्षों को एक विशेष अभियान चलाते कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल और कालेजों में प्रार्थना सभा के दौरान नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशीले एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए ताकि युवाओं को इनका इस्तेमाल करने से रोका जा सके। उन्होंने स्कूल एंव कॉलेजों में वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल कालेजों के आसपास इस तरह की दुकानें जहां नशीले पदार्थ एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री संभव है को हटाए जाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि जनपद में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री किसी भी दशा में ना होने पावे इसके लिए उन्होंने ड्रग कंट्रोलर को व्यापक दिशा निर्देश दिए और कहा कि जनपद के समस्त ड्रग विक्रेताओं को प्रतिबंधित दवाओं की जानकारी देना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना यदि नारकोटिस मेडिसन/प्रतिबंधित दवाएं दुकान या एंटीबायोटिक दवाओं की बिक्री होती पाई जाती है तो ड्रग लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से समस्त ड्रग्स विक्रेताओं को यह जानकारी देना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पुलिस, सीबीएन और आबकारी विभाग को सचेत करते हुए क्षेत्र में अफीम/भांग की अवैध खेती किए जाने वाले क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किए जाने निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में अफीम भांग की फसल की अवैध खेती ना होने पाए, उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि लोग अफीम व भांग की अवैध खेती ना करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे स्थान जहां अवैध ढंग से शराब का निर्माण किया जाता है, वहां पुलिस बल के साथ सख्ततम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ताकि क्षेत्र में पुनः अवैध शराब के निर्माण को रोका जा सके।

आयोजित नारको-कोऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में मादक पदार्थों के परिवहन को सख्ती से रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने जीएसटी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में स्थापित चेक पोस्ट पर प्रवर्तन कार्य के दौरान बड़े वाहनों (ट्रक) की गंभीरता से जांच की जाए ताकि अन्य प्रदेशों से आने वाले मादक पदार्थ को जनपद में आने से रोका जा सके।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आर्ट्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्था एक संपादक ध्रुव दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949